राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

तेज धूप ना छीन लें आपकी त्वचा का ...8

दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

शनिवार, 08 अप्रैल 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण www.budhakasandesh.com वर्ष: 10 अंक: 107 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 सम्पादक : राजेश शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## 2024 में फिर होगी भाजपा की जीत

### अमित शाह का राहुल पर वार, बोले- लोकतंत्र नहीं, आपका परिवार खतरे में है

कौशाम्बी । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज उत्तर प्रदेश दौरे पर हैं। उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी में उन्होंने कौशाम्बी महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे।

इस दौरान अमित शाह ने साफ तौर पर कहा कि 2024 में एक बार फिर से भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि यूपी की जनता ने पीएम मोदी पर भरोसा किया। अमित शाह ने विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कल ही संसद समाप्त हुई। आजादी के इतिहास में कभी नहीं हुआ कि देश के बजट सत्र में चर्चा करे बिना संसद समाप्त हुई हो। विपक्ष के नेताओं ने सदन को चलने नहीं दिया। शाह ने साफ तौर पर कहा कि इसका कारण कि राहुल गांधी को अयोग्य घोषित किया गया... राहुल गंधी इस सजा को चुनौती दें। आपने संसद के वक्त को बली चढ़ा दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा इस बार फिर से 300 के पार सीटें लेकर आ रही है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी हों, राहुल गांधी हों या कोई भी हों मोदी जी को गाली गलोज के कीचड़ के अंदर कमल को और मजबूत कर खिलाया है। उन्होंने कहा कि यह कहते हैं कि लोकतंत्र खतरे में। लोकतंत्र खतरे में नहीं बल्कि आपका परिवार खतरे में हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आपने इस लोकतंत्र को जातिवाद, परिवारद और तुष्टिकरण के तीन नाखूनों में घेर कर रखा था।

## मनीष कश्यप पर लगा एनएसए तो भड़के भाजपा विधायक, कहा– वाह नीतीश जी, लश्कर वाली इशरत...

पटना। फर्जी वीडियो फैलाने के आरोप में यूट्यूब और मनीष कश्यप लगातार मुश्किलों में घिरते चले जा रहे हैं। मनीष कश्यप के खिलाफ अब राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) भी लगा दिया गया है। इसको लेकर अब राजनीति भी तेज होती दिखाई दे रही है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश में भाजपा विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसा है। इसको लेकर शलभ मणि त्रिपाठी ने ट्वीट किया है। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि लश्कर वाली इशरत जहाँ बिहार की बेटी थी, यूट्यूब से पेट पालने वाला मनीष कश्यप बिहार का आतंकी है, वाह नीतीश जी !! इससे पहले मनीष कश्यप को अब पुलिस हिरासत मदुरै ले जाया गया था। मदुरै के पुलिस अधीक्षक शिव प्रसाद ने बताया कि तमिलनाडु में बिहारी प्रवासी मजदूरों पर हमले का फर्जी वीडियो प्रसारित करने वाले

मनीष कश्यप को एनएसए अधिनियम के तहत हिरायत में लिया गया है। कश्यप को मदुरै जिला अदालत में बुधवार को पेश किया गया, जिसने उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इसके बाद कश्यप को मदुरै केंद्रीय कारागार भेज दिया गया है। कश्यप और अन्य के खिलाफ तमिलनाडु में प्रवासी श्रमिकों पर हमले के फर्जी वीडियो फैलाने के आरोप में मामले दर्ज किए गए हैं। मनीष कश्यप का मामला अप सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच चुका है। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह एक 'यूट्यूबर' द्वारा दायर उस याचिका पर 10 अप्रैल को सुनवाई करेगा, जिसमें उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने की मांग की गई है। मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष उल्लेखित किया गया। पीठ इस मामले की सुनवाई शाम में करने के लिए सहमत हो गई। बाद में शाम करीब चार बजकर 25 मिनट पर यह मामला पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया। याचिकाकर्ता मनीष कश्यप की तरफ से पेश हुए वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल के खिलाफ अब राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## खण्ड विकास अधिकारियों व ब्लाक प्रमुखो के मण्डलीय सम्मेलन होंगे :केशव

लखनऊ(आरएनएस )। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर सभी मंडलों में ब्लॉक प्रमुखों व खंड विकास अधिकारियों के सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। विकास कार्यों में और अधिक गति व धार देने के उद्देश्य आयोजित किए जा रहे मंडलीय सम्मेलनों में स्थानीय व क्षेत्रीय आवश्यकताओं तथा आधारभूत ढांचे के अनुरूप विकास कार्यों का खाका तैयार कर उसे अमलीजामा पहनाया जाएगा। इन सम्मेलनों में जनप्रतिनिधियों ब्लॉक प्रमुखों से वहां की जिला विकास अधिकारी,

परियोजना निदेशक डीआरडीए उपायुक्त सभी खंड विकास अधिकारी व सभी ब्लाक प्रमुख शामिल होंगे। समीक्षा बैठकों के स्थान व समस्त व्यवस्थाओं के नोडल अधिकारी संबंधित मंडल के जिले के मुख्य विकास अधिकारी बनाए गए हैं और संयुक्त विकास आयुक्त समीक्षा बैठकों से संबंधित समस्त बिंदुओं को सम्मिलित करते हुए बैठक की बुकलेट आदि तैयार किया जाएगा। आवश्यकताओं और समस्याओं से संबंधित सुझाव लिए जायेंगे।इन सम्मेलनों एवम समीक्षा बैठक में मंडल के सभी मुख्य विकास अधिकारी , ज्वाइन्ट डेवलपमेंट कमिश्नर,

## कांग्रेस को बड़ा झटका, आंध्र के पूर्व सीएम किरण कुमार रेड्डी बीजेपी में हुए शामिल

अविभाजित आंध्र प्रदेश के अंतिम मुख्यमंत्री किरण कुमार रेड्डी शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए। यह पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को एक लाइन का त्याग पत्र भेजकर कांग्रेस छोड़ने के कुछ सप्ताह बाद हुआ है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि किरण कुमार रेड्डी के परिवार के कई सदस्य कांग्रेस में थे। कुछ समय पहले जब मैं उनसे मिला तो उन्होंने मुझे बताया कि वह पीएम मोदी से प्रभावित हैं। आज वह बड़ी छलांग लगाते हुए बीजेपी में शामिल हो रहे हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई को और मजबूत करेंगे क्योंकि एक विधायक और मंत्री के रूप में उनकी छवि बहुत साफ रही है। आंध्र प्रदेश में भाजपा के लिए यह एक बड़ा बढ़ावा होगा। किरण कुमार रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान के गलत फैसलों की वजह से राज्य दर राज्य पार्टी टूट रही, यह एक राज्य की बात नहीं। एक पुरानी कहानी है कि मेरा राजा बहुत बुद्धिमान है वह अपने आप नहीं सोचता और न ही किसी का सुझाव मानता है।

## संशोधित घरेलू गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देश मंजूर होने से उपभोक्ताओं को मिलेंगे कई लाभ: मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा संशोधित घरेलू गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों को मंजूरी दिए जाने से उपभोक्ताओं के लिए कई लाभ होंगे और यह इस क्षेत्र के विकास के लिए एक सकारात्मक कदम है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक महत्वपूर्ण फैसला करते हुए बुधवार को संशोधित घरेलू गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों को मंजूरी दे दी। नए दिशानिर्देशों के तहत अब प्राकृतिक गैस की कीमत भारतीय कच्चे तेल के दाम के मासिक औसत का 10 प्रतिशत होगी। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, संशोधित घरेलू गैस मूल्य निर्धारण से संबंधित मंत्रिमंडल के निर्णय से उपभोक्ताओं के लिए कई लाभ हैं। यह इस क्षेत्र के विकास के लिए एक सकारात्मक कदम है।

## भारत आने से ठीक पहले अमृतपाल सिंह को सर्जरी के लिए जॉर्जिया ले गई थी आईएसआई, ऐसे दिया भिंडरावाले का मेकओवर

चंडीगढ़ । खालिस्तान समर्थक और स्वयंभू उपदेशक अमृतपाल सिंह अब तीन सप्ताह से अधिक समय से पुलिस को चकमा दे रहा है। जॉर्जिया की उसकी यात्राओं और पाकिस्तान की आईएसआई के साथ कथित साजिश के बारे में नई जानकारी सामने आई हैं। खुफिया एजेंसियों के अनुसार, अमृतपाल सिंह सितंबर 2022 में भारत आने से पहले प्रशिक्षण के लिए जॉर्जिया गया था। अधिकारियों का दावा है कि वह 20 जून, 2022 से 18 अगस्त, 2022 तक जॉर्जिया में था। वहां जाकर उसने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाई। जांच के एक अधिकारी के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि उसने अपने सहयोगियों को बताया कि वह आंखों की सर्जरी के लिए जॉर्जिया में था, लेकिन रिपोर्ट में दावा किया कि दो महीने के दौरान उसे आईएसआई द्वारा हथियारों का प्रशिक्षण दिया गया था। 18 मार्च को पंजाब पुलिस द्वारा उसके वारिस पंजाब डे संगठन पर कार्रवाई शुरू करने के बाद से कट्टरपंथी उपदेशक फरार है। हालांकि, उसके कई सहयोगियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एक गिरफ्तार सहयोगी की रिहाई के लिए अमृतपाल और उनके समर्थकों द्वारा अजनाला पुलिस स्टेशन पर धावा बोलने के बाद की गई। मीडिया रिपोर्ट ने एक्सेस किए गए एक इंटेलिजेंस ब्यूरो डोजियर के आधार पर दावा किया कि अमृतपाल ने वित्तीय मकसद के लिए आईएसआई को अपनी सेवाएं देने की पेशकश की थी। वह दुबई में रह रहा था, जो आईएसआई एजेंटों का केंद्र है।

## अयोध्या में तेजी से चल रहा राम मंदिर का निर्माण कार्य

### 155 देश की नदियों के जल से होगा रामलला का अभिषेक

अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य काफी तेजी से चल रहा है। राम मंदिर का अब स्वरूप भी दिखने लगा है। इसको लेकर ताजा तस्वीरें साझा की गई है। यह तस्वीरें श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने अपने ट्विटर हैंडल पर साझा की है। तस्वीरों को साझा करते हुए इसमें बताया गया है कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर के भूतल के खंभों के ऊपर बीम रखने का कार्य आरंभ हो चुका है। तस्वीरों में भी यह साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। चंपत राय की ओर से समय–समय पर अयोध्या में बन रहे श्री राम जन्मभूमि मंदिर को लेकर अपडेट दी जाती रहती है। इन सबके बीच खबर यह है कि दिसंबर 2023 तक भगवान राम का गर्भ गृह बनकर तैयार हो जाएगा और 2024 मकर संक्रांति के बाद गर्भ गृह को भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा। हालांकि, मंदिर के दूसरे तल का निर्माण कार्य जारी रहेगा। वहीं, 23 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

155 देशों के नदियों के जल से रामलला का जलाभिषेक करेंगे। इस बात की भी जानकारी चंपत राय की ओर से दी गई है। चंपत राय ने बताया कि विजय जौली के नेतृत्व में एक टीम 155 देशों की नदियों का पानी यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंपी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 23 अप्रैल को मणिराम दास छावनी सभागार में जल कलश की पूजा करेंगे। 2020 में जल को इकट्ठा करने का काम शुरू हुआ था। यह काम गैर सरकारी संस्था दिल्ली स्टडी ग्रुप की ओर से किया जा रहा है। इस संस्था के अध्यक्ष दिल्ली के पूर्व भाजपा विधायक विजय जौली हैं। विजय जौली चंपत राय से विचार विमर्श करने के लिए अयोध्या भी पहुंचे थे। विजय जौली ने बताया कि स्वर्गीय अशोक सिंघल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेकर मैंने निर्णय लिया कि विश्व भर के नदियों और समुद्रों का जल हम भारत में एकत्रित करेंगे और उस जल से प्रभु श्री राम के मंदिर का जलाभिषेक संपन्न करेंगे। जल को बड़ी शिद्दत से इकट्ठा किया हुआ है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान की राबी नदी का जल भी आया हुआ है। इसके अलावा रूस और यूक्रेन के नदियों का भी जल एकत्रित किया गया है। बताया जा रहा है कि दुबई के रास्ते पाकिस्तान से राबी नदी का जल मंगाया गया है। विजय जौली ने इसे अपने किसी हिंदू मित्र के जरिए मंगवाया है।

## मोटरसाइकिल एवं ट्रक के बीच टक्कर से तीन युवकों की मौत

बहराइच। बहराइच–सीतापुर मार्ग पर कोतवाली देहात क्षेत्र में मोटरसाइकिल एवं ट्रक के बीच टक्करहो जाने से तीन युवकों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि हरदी थानाक्षेत्र के गोपचंदपुर केअजय कुमार यादव उर्फ मोनू (25), दीनानाथ (35) एवं केशव राम (27) मोटरसाइकिल से बृहस्प्पतिवार रात बहराइच से अपने घर लौट रहे थे। सूत्रों ने बताया कि बहराइच– सीतापुर मार्ग पर कोतवाली देहात में मानपुरवा के पास उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर तेज रफ्तार ट्रक से हो गयी। और तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक अपना वाहन घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस ने तीनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद बहराइच में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## रोहिणी जेल से कैसे सुकेश चंद्रशेखर चला रहा था ठगी का पूरा रैकेट, करोड़ों रुपए लेकर ये 3 अधिकारी कर रहे थे मदद

200 करोड़ के जबरन वसूली घोटाले में रोहिणी जेल के अधिकारियों ने सुकेश चंद्रशेखर के साथ सांठगांठ की एक जानकारी सामने आई है। सुकेश ने जेल के अंदर से अपने घोटाले को चलाने के लिए जेल के शीर्ष अधिकारियों को कैसे रिश्वत दी, इसका खुलासा हुआ।

सुकेश द्वारा हर महीने जेल में विलासिता के लिए करोड़ों रुपये का भुगतान किया जाता है। इसको लेकर मीडिया रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे किए गए हैं। जांच से जुड़े सूत्रों ने इंडिया टुडे को बताया कि 200 करोड़ रुपये की फिरौती मामले में आरोपी कॉनमैन सुकेश था। सूत्रों ने इंडिया टुडे को

चंद्रशेखर दिल्ली की रोहिणी सेंट्रल जेल से जबरन वसूली का रैकेट चला रहा था और जेल अधिकारियों की मिलीभगत से एक संगठित अपराध सिंडिकेट बताया कि सुकेश चंद्रशेखर ने जेल अधिकारियों को जेल सेल के अंदर अवैध सुविधाओं के बदले में हर महीने करोड़ों रुपये का भुगतान किया। रोहिणी जेल के तीन अधिकारी सुंदर बोरा (रोहिणी जेल के तत्कालीन अधीक्षक), महेंद्र प्रसाद सुंदरियाल (रोहिणी जेल के तत्कालीन उप अधीक्षक) और धरम सिंह मीणा (रोहिणी जेल के तत्कालीन सहायक अधीक्षक) अब कटघरे में हैं। सुकेश जेल के अंदर से ही ठगी का धंधा चलाता है।

ये तीनों अधिकारी 2020–21 में रोहिणी जेल (बैरक नंबर 10) में तैनात थे, जहां सुकेश बंद था। जेल अधिकारियों और सुकेश ने जेल के अंदर अनधिकृत और अवैध सुविधाओं तक पहुंच बनाने के लिए सुकेश के लिए ष्शर्तोंष पर चर्चा की।

### किसे कितना भुगतान किया ?

सूत्रों ने यह भी खुलासा किया कि सुंदर बोरा (अधीक्षक) को 1.5 करोड़ रुपये प्रति माह और महेंद्र प्रसाद सुंदरियाल (उप अधीक्षक) को 25 लाख रुपये प्रति माह का भुगतान किया गया था। सुकेश द्वारा करोड़ों रुपए श्प्रोटेक्शन मनीश के रूप में दिए गए। सुकेश ने कथित तौर पर जेल के डीजी को हर महीने करीब 2 करोड़ रुपये देने की बात कबूल की है।

### जेल में सुकेश को मिल रही अवैध सुविधाएं

एक आईफोन 12 प्रो सुकेश द्वारा चेन्नई से पैरोल के दौरान खरीदा गया था और जेल के अंदर जबरन वसूली के लिए इस्तेमाल किया गया था। जेल अधिकारियों ने सुकेश को एक एयरटेल सिम कार्ड हासिल करने में मदद की, जिसका इस्तेमाल जेल परिसर के अंदर इंटरनेट सेवाओं का लाभ उठाने के लिए किया जाता था।

# डीएम ने दिया नगर निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक में आवश्यक निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 की तैयारियों की समीक्षा जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निष्पक्षता, कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता, शुचिता एवं समयबद्धता पंचसूत्र का पालन का निर्देश दिया है। यद्यपि कि उन्होंने तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया है फिर भी समय से सभी कार्य पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को आगाह किया। उन्होंने निर्देश दिया कि इस दौरान कोविड–19 के प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। अंतर्जनपदीय सीमा पर बैरियर लगाएं तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात करें। उन्होंने मतपत्रों की तैयारी पर विशेष ध्यान एवं सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्रों की वापसी का समय समाप्त होने के तत्काल बाद चुनाव चिन्ह आवंटन का कार्य किया जाएगा। संबंधित रिटर्निंग आफीसर, सहायक रिटर्निंग आफीसर तथा प्रभारी परियोजना निदेशक डीआरडीए डमी मत पत्रों का परीक्षण करेंगे, मतदाताओं की संख्या के अनुसार मतपत्रों की संख्या निर्धारित करेंगे तथा आयोग द्वारा निर्धारित प्रेस को ऑनलाइन उपलब्ध कराएंगे। मतपत्र छपने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच लाकर तहसील सदर सभागार में रखा जाएगा तथा यहीं से हर्रैया एवं रुधौली तहसील को प्रेषित किया जाएगा। इस दौरान सदर तहसील में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रखी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया है कि मतदान स्थलों की संख्या के अनुसार निर्वाचन किट तैयार किया जाएगा। इसमें लगभग 83 प्रकार की सामग्री रखी जाएगी। उन्होंने इसके प्रभारी बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिया कि किट में एक चेक लिस्ट भी डाल दें, जिससे पीठासीन अधिकारी मिलान कर सकें। प्रत्येक बूथ पर 2–2 मतपेटिका दी जाएगी, इसलिए लगभग 1000 मत पेटिका कि आईलिंग ग्रीसिंग कराकर सुरक्षित रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि मूल एवं पूरक मतदाता सूची

की 12 प्रतियां तैयार करके संबंधित रिटर्निंग आफीसर को उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें से आठ बिक्री के लिए होंगी। उन्होंने कहा कि नामांकन स्थल नगर पालिका बस्ती एवं पांच अन्य नगर पंचायतों के लिए तहसील सदर, हर्रैया के तीन नगर पंचायतों का हर्रैया तहसील तथा नगर पंचायत रुधौली के पदों का नामांकन रुधौली नगर पंचायत में किया जाएगा। यहां पर बैरिकेडिंग के साथ–साथ मतपत्रों की बिक्री, एवं 11.00 से 3.00 बजे तक नामांकन की समस्त प्रक्रिया की तैयारी पूरी करने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान पार्टियों की रवानगी सदर तहसील में किसान डिग्री कॉलेज परिसर, तहसील हर्रैया में नेशनल इंटर कॉलेज परिसर तथा नगर पंचायत रुधौली के लिए तहसील रुधौली परिसर से होगी। उन्होंने कहा कि संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के लिए 79 भारी वाहन तथा 37 हल्के वाहन की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार 15 बूथ का मतदान प्रक्रिया का वेबकास्टिंग कराई जाएगी। उन्होंने टेंट व्यवस्था, वीडियोग्राफी, चिकित्सा व्यवस्था, कंट्रोल रूम, शिकायत प्रकोष्ठ, स्ट्रांग रूम, कंप्यूटराइजेशन, कानून व्यवस्था, कार्मिक यात्रा भत्ता आदि व्यवस्थाओं की समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि नगर निकाय निर्वाचन की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। इसके तत्काल पश्चात सभी नगर निकाय प्रचार–प्रसार के लिए स्थापित होर्डिंग्स तथा दीवारों पर लिखे निर्वाचन संबंधी नारों को हटाया जाना सुनिश्चित करेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर निकाय सामान्य निर्वाचन में पहली बार मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने इसके लिए सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति को इसका प्रभारी अधिकारी नामित करते हुए जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, डीआईओएस डीएस यादव तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. इंद्रजीत प्रजापति को सहायक प्रभारी नामित किया है। उल्लेखनीय है कि अभी तक लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन में ही अधिक से अधिक मतदान बढ़ाने के लिए मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) संचालित किया जाता रहा है। इसके अंतर्गत सभी 10 नगर निकायों में मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में सीडीओ ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम संचालित करने के लिए नगर निकायों में कार्यक्रम निर्धारित करके मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। इस कार्य में स्थानीय शिक्षण संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला स्वयं सहायता समूह तथा विभिन्न क्लबों का सहयोग लिया जाएगा।

# श्री बालाजी महाराज घाटा मेहंदीपुर धाम का द्वितीय वर्ष विशाल जागरण व भंडारा आयोजित किया गया

## जो सुकून नहीं पूरे संसार में वह स्कूल हे मेरे बाला जी महाराज के दरबार में,भजन गायक वैभव सक्सेना

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। उतरौला में श्री बालाजी महाराज घाटा मेहंदीपुर धाम का द्वितीय वर्ष विशाल भंडारा व विशाल जागरण स्थान रामलीला मैदान निकट भारती इंटर कॉलेज मोहल्ला आर्य नगर उतरौला में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर के महंत मिथिलेश नाथ योगी,व अयोध्या के दशरथ गद्दी के महंत बृजमोहन दास महाराज जी, राजकुमार दास,रणविजय दास, विशिष्ट अतिथि उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा,अनूप गुप्ता पूर्व चेयरमैन,अमरनाथ गुप्ता पूर्व चेयरमैन,देवानंन्द गुप्ता,रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी जिलाध्यक्ष वैश्य समाज जनपद बलरामपुर,धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरु साईं ग्रुप,आदि लोगों को श्री बालाजी महाराज उतरौला के कमेटी द्वारा मंच पर सभी लोगों को शाल व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया श्री बालाजी सरकार के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे कार्यक्रम में बालाजी महाराज को छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। जागरण में बाहर से आए कलाकार गुणगान कर्ता गोंडा से वैभव सक्सैना, प्रयागराज से जूली सिंह,वर्तिका तिवारी लखनऊ,हरीश चंद्र बाँदा,

ऋतुराज लखनऊ,व कई कलाकारों ने बालाजी सरकार के भजन प्रस्तुत किए संगीत मयी भजनों का श्रद्धालु पूरी रात से लेकर सुबह तक महिला पुरुष बच्चो ने बालाजी के भजनों पर झूमे व आनंद लेते रहे जागरण में भव्य झाँकी मास्टर मिंटू एण्ड झाँकी ग्रुप कानपुर द्वारा नृत्य नाटिका के भजन पर श्रद्धांलुओ ने खूब जय कारे लगाए व बहुत ही अच्छी–अच्छी झांकियां राधा कृष्ण,शिव पार्वती व बजरंग बली व ऐसे कई सुंदर झांकियां प्रस्तुत की श्री बालाजी महाराज घाटा मेहंदीपुर धाम का द्वितीय वर्ष का पूजा व हवन पूजन का राजू जी दास महाराज द्वारा संपन्न किया गया। कार्यक्रम में बालाजी सेवा समिति उतरौला अध्यक्ष संतोष सोनी श्रवण,वरिष्ट उपाध्यक्ष नरेन्द्र पटवा,महामंत्री मोनू गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज सोनी, मुख्य व्यवस्थापक संतोष सोनी, संरक्षक संतोष कसौधान, विजय श्रीवास्तव,अमित गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, पंकज गुप्ता, मनोज सिह कसेरा, आर एस एस के विभाग प्रचारक अनिल, अमित गुप्ता रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय मानव कल्याण सेवा समिति उत्तर प्रदेश, अनिल गुप्ता, शुभम गुप्ता व फणींद्र गुप्ता, डॉ आकाश गुप्ता चरन सिंह कसेरा, आशीष कसौधन, अभिषेक गुप्ता, आलोक गुप्ता, रोहित राज, दीपक गुप्ता रूपेश गुप्ता, राम प्रकाश गुप्ता,व जिसमें श्री बालाजी सेवा समिति के सभी सदस्य गण के लोगों ने बढ़–चढ़कर सहयोग व सेवा दिया, श्री बालाजी महाराज घाटा मेहंदीपुर धाम उतरौला के सभी सदस्य गण आदि कई हजारों की संख्या में बढ़–चढ़कर प्रसाद को ग्रहण किए।

# स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा द्वारा सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को उतरौला देहात मंडल के ग्राम जनुका में स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जनुका व आसपास गांव के लगभग 400 लोगों ने चिकित्सा शिविर का

लाभ लिया। डॉ पंकज गुप्ता, डॉ नसरुद्दीन, डॉ जितेंद्र मिश्रा, नेत्र चिकित्सक शैलेंद्र कुमार राव, फार्मासिस्ट अहमद खान, एलटी मुकेश मौर्या, फार्मासिस्ट सदाकांत तिवारी ने शिविर में आए हुए लोगों का चिकित्सीय परीक्षण कर उपचार किया। और निशुल्क दवा का वितरण किया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस से अंबेडकर जयंती तक पार्टी न्याय सप्ताह मनाएगी। आंदोलन व राजनीतिक बयानबाजी के साथ ही भाजपा कार्यकर्ता जन सेवा के माध्यम से जनता से अपना जुड़ाव बढाएंगे। न्याय सप्ताह के तहत अलग–अलग स्थानों पर जन सेवा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में आज चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है जिसमें लोग जुड़कर सरकार के प्रति अपना आभार प्रकट कर रहे हैं। राकेश यादव, विनोद मौर्या, भगवानदास वर्मा, राधेश्याम गुप्ता, श्याम सुंदर, आशा गीता देवी, गीता गुप्ता, अंजनी समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## मछुवारे के जाल में फसा अष्टधातु या सोने की मूर्ति हथियागढ चौकीइचार्ज ने लिया अपने कब्जे में

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गौरा चौकी,गोंडा। तहसील मनकापुर के अन्तर्गत थाना छपिया के चौकी हथियागढ के गॉव के निवासी रामलौटन पुत्र बुधयी एक अप्रैल शनिवार को श्रृंगार घाट बिसुही नदी में मछली पकड़ने गये थे जाल जब फेक कर खिचने लगे तो जाल भारी मालूम पणा बाहर जाल निकाला तब उस जाल मे एक पाच या छ किलो की सोने की तरह चमकती माँ दुर्गा की मूर्ति निकली राम लौटन को लोगों ने बताया कि यह अष्टधातु या सोने की है और रामलौटन ने मूर्ति को अपने घर ले आया और उसको साफ सफाई करके पूजा करने की नीयत से अपने घर मे स्थापित कर धूप दीप शुरू कर दिया जब मूर्ति का पता चौकी इंचार्ज को लगा तब वह कल 06 03 2023 को शाम करीब आठ बजे पहुचकर मूर्ति अपने कब्जे मे लेकर साथ में रामलौटन को लेकर चौकी आए और चौकी से पुनः राम लौटन को छोड़ दिया आज जब शकुन टाइम्स के सम्बाद दाता मसकनवा प्रदीप चौबे को पता चला तब वह राम लौटन के घर गये तब वहा लोगो ने जो माँ दुर्गा का अष्टधातु या सोने की मूर्ति की फोटो जो खीच रक्खा था हमारे सम्बाद दाता के मोबाइल फोन पर शेयर कियातथा एक तहरीर भी दिया जब चौकी इंचार्ज को फोन लगाया तो दो बार तो फोन उठा ही नहीं एक घन्टे बाद जब पुनः फोन लगाया तब उठा और मैन मूर्ति के बारे में पूछा तो पहले तो कहा कि कैसी मूर्ति मेरे पुनः गॉव तथा नाम बताने पर कहा कि अभी कुछ पता नही है और बाद में बताने की बात कही परन्तु समाचार भेजे जाने तक वो बात नही कर सके एस एच ओ छपिया की मोबाइल नेटवर्क के बाहर बता रही थी।

# जिले में शुक्रवार को मनाया गया गुड फ्राइडे ईसाई धर्म के लोगों ने की प्रार्थना

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटियाथोक,गोंडा। जिले के ईसाई धर्मावलंबियों द्वारा शुक्रवार को गुड फ्राइडे मनाया गया। विभिन्न चर्चों में ईसाई धर्मावलंबियों ने प्रार्थना की।जिले के विभिन्न चर्चों में ईसाई धर्मावलंबियों ने पवित्र शुक्रवार को ईसाइयों के दुरूख के रूप में मनाया।आज के इस पावन दिवस में प्रत्येक गिरजाघरों में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आराधना की गई। सर्वप्रथम गिरजाघरों में उक्त धर्म के लोगों ने प्रभु यीशु का स्मरण किया। नगर के बस अड्डे पास स्थित जोशुवा डब्लू ड़ेनिंग मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल चर्च में आयोजन के दौरान पादरी जेम्स अब्राहम ने कहा कि गुड फ्राइडे ईसाई समाज का वह पावन पर्व है जिसमें समस्त प्राणियों के पाप क्षमा हेतु परमेश्वर पिता द्वारा अपने इकलौते पुत्र प्रभु यीशु मसीह को मानवीय स्वरूप में अवतरित हुए और प्रभु यीशु मसीह ने समस्त प्राणियों के खातिर अपना निर्दोष लहू बहाकर पाप मुक्त कर दिया। इसी वजह से आज के दिवस को गुड माना जाता है और इसे गुड फ्राइडे कहते है। पादरी जेम्स अब्राहम द्वारा प्रभु यीशु मसीह द्वारा सलीब पर से कथित अंतिम सात वाणियो पर मनन एवं उल्लेख किया, जिससे प्रत्येक ईसाई प्रभु यीशु मसीह के पदचिन्हों का अनुकरण करते हुए समाज में भाईचारा, भक्ति, सत्यता, भलाई, क्षमा एवं प्रेम को फैलाने के उद्देश्य से जीवन यापन करें। इस दौरान बच्चों द्वारा प्रभु यीशु मसीह के सलीब पर से कथित अंतिम सात वाणियो पर नाटकीय मंचन प्रस्तुत किया गया। फादर ने कहा कि गुड फ्राइडे बलिदान दिवस है। इस दिन धर्मावलंबी व्रत, उपवास, संयम व संकल्प के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु ने इसी दिन संसार की समस्त मानव जाति को सभी प्रकार के पापों से मुक्ति दिलाने हेतु येरूशलम स्थित गुलुम्बा नामक पहाड़ी की क्रूस पर खुशी–खुशी अपने प्राणों को त्याग दिया था। यह दिन ईसाइयों के लिए महत्व का दिन होता है। ईसाई समुदाय के लोग बड़े, बूढ़े, बच्चे व महिलाएं सादे वस्त्र में चर्च आते हैं। इस दिन प्रभु के सात अमृत वचनों का स्मरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि गुड फ्राइडे के तीन दिन बाद ईस्टर होता है, जो ईसाई समुदायों में सर्वाधिक प्राचीन उत्सव है। इस दिन प्रभु यीशु पुनर्जीवित हो उठे थे। फादर ने कहा कि यीशु मसीह प्रेम, त्याग, दयालुता, क्षमा के कारण जन–जन में लोकप्रिय हैं। क्रूस मृत्यु आम मनुष्यों के लिए क्षमा, दया व प्रेम का संदेश समाहित है। इसे हम सभी को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। इस अवसर पर रीना अब्राहम, शिलोह, शोभा जैक्शन, शारोन, जायन, अलेक्जेंडर जान, मंजुला, अजय, अंजली, समीर, विनय, शीबा आदि लोग मौजूद रहे।

## नेटवर्क की समस्या से परेशान क्षेत्रवासी हफ्तों से नहीं आ रहा मोबाइल में नेटवर्क

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। नेटवर्क की समस्या से परेशान क्षेत्रवासी अपनों से नहीं

आ रहा है मोबाइल में नेटवर्क जनपद गोंडा के झंझरी ब्लॉक के बेसहूपुर सिहागांव क्षेत्र में 1 हफ्ते से किसी भी मोबाइल में नहीं आ रहा है नेटवर्क बनी हुई है नेटवर्क की समस्या क्षेत्र के लोग परेशान। सीहा गांव निवासी जगदीश वर्मा ने बताया कि हमारे क्षेत्र में लगभग 1 सप्ताह से किसी भी कंपनी के सिम में नेटवर्क नहीं आ रहा है जिससे कहीं बात नहीं हो पा रही है और क्षेत्र के सैकड़ों लोग परेशान हैं जगदीश वर्मा ने बताया कि कोई जिओ का सिम तो कोई वोडा कोई एयरटेल कासिम अपने अपने मोबाइल में लगाए हुए हैं वह चाहे एंड्राइड मोबाइल हो या कीपैड छोटी मोबाइल किसी में नेटवर्क नहीं आ रहा है जिससे कहीं भी बात नहीं हो पा रही है बात ना होने की वजह से क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं लोगों ने अपने–अपने सिम कंपनियों के ऑपरेटर के नंबर पर कॉल करके शिकायत भी दर्ज कराई लेकिन नेटवर्क की समस्या जस की तस बनी हुई है जगदीश ने आगे बताया कि लोग दूसरे टावर क्षेत्र में जाकर बात करते हैं और कंपनी के ऑपरेटर नंबर पर भी कॉल करके शिकायत दर्ज कराते हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है जिससे क्षेत्र के सभी मोबाइल उपभोक्ता काफी परेशान है।

## बीजेपी युवा मोर्चा छपिया ने स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता

की अध्यक्षता में जिले के सभी मंडलों में स्वच्छता अभियान और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के छपिया के मंडल अध्यक्ष अमन वर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बभनान में लगे स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर कार्यक्रम शुभारंभ किया।अपने संबोधन मे युवा मोर्चा के छपिया मंडल के अध्यक्ष अमन वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य को लेकर जागरूक होना बहुत जरूरी है. स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता से आप तमाम बीमारियों से बचाव कर सकते हैं और बीमारियों का शुरुआत में ही पता लगा सकते हैं. इससे इलाज कराने में आसानी होती है और स्वास्थ्य को होने वाले गंभीर नुकसान से भी बचाया जा सकता है. लोगों को हेल्थ समस्याओं के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल 7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ डे मनाया जाता है।

## गौशाला तो बना दिया गया किन्तु उबड़ खाबड़ रास्ते से ही आवागमन होता है

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा बभनी बुजुर्ग व तिलखी बढ़या में स्थित अस्थाई गौशाला तो बना दिया गया किन्तु ऊबड़ खाबड़ रास्ते से ही आवागमन होता है। कच्चे व गड्ढायुक्त मार्ग होने से वहां तक पहुंचने में

आमजन सहित अधिकारियों को भी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ से बचने के लिए सभी गांव के लोग मिलकर इस बंधे का निर्माण किया गया था ताकि आने जाने के लिए सड़क तथा बाढ़ से बचाव करेगा। अब गौशाला भी बन गया अधिकारियों का आवागमन व गौशाला के लिए भूसा,चारा तथा निर्माण कार्य के लिए सामग्री सब इसी कच्ची सड़क से होकर गुजरना पड़ता है और कई गांव के लोगो का आना जाना इसी रास्ते से होता है क्योंकि गनियारी के नाम से विख्यात लगभग हजारों एकड़ में फैला हुआ है जिसमे दर्जनों गांव की जमीन है गेंहू बुवाई कटाई धुलाई इसी कच्चे रास्ते से होता है। आजादी से लेकर अब तक किसी जनप्रतिनिधि ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया जबकि तिलखी बभनी के दोनो गौशाला को होते हुए सिंगार जोत मुख्य मार्ग को भी यह सड़क जोड़ता है।ग्रामीण रमेश कुमार, अर्जुन भारती, राम शब्द, कल्लू साहू, भगवत प्रसाद मिश्र, वेद व्रत मिश्र, राधे श्याम यादव आदि ने संबधित अधिकारियो से पक्की सड़क बनवाने की मांग की है।

## गौआश्रय स्थलों का निरीक्षण किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। जिले के नोडल अफसर एंव शासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी अनिल कुमार एडिशनल कमिश्नर खाद्य एंव रसद विभाग गिरीश चंद पाठक जिला विकास अधिकारी बलरामपुर,खंड विकास अधिकारी सुमित सिंह ने

तहसील क्षेत्र के तीन गौआश्रय स्थलों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। शासन के निर्देश पर तहसील क्षेत्र में बने गौआश्रय स्थलों की हकीकत देखने आए नोडल अधिकारी ने ग्राम तिलखी बढ़या,बभनी बुजुर्ग व गरीब नगर में बने गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला के निर्माण कार्य पशुओं के रखरखाव रंग रोगन गुणवत्ता आदि को देखकर प्रसन्नता जताई।भ्रमण के दौरान नोडल अफसर ने कहा कि गौआश्रय स्थलों के आसपास गांव में चरागाह की भूमि को खाली करवाकर हरा चारा की बुआई की जाए जिससे पशुओं को चारे की दिक्कत न हो इसके अलावा उन्होंने गौ आश्रय स्थलों में छायादार पेड़ लगाने के निर्देश दिए।गौशाला का भ्रमण कर पशुओं के पानी पीने की व्यवस्था आदि का जायजा भी लिया।इस दौरान केयर टेकर के मानदेय भुगतान को लेकर जानकारी ली उपस्थित केयर टेकर ने वर्तमान माह तक मानदेय पाने की बात कही।निरीक्षण के दौरान तिलखी गौशाला में टैग्ड गाय जबकि 50 बभनी बुजुर्ग में 68 गाय मौजूद रही,मौके पर हरा चारा के अलावा अन्य व्यवस्था चाक चौबंद दिखा।

## चोर समझ कर गैर इरादतन हत्या का एक और आरोपी गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया,गोण्डा। बीते 4 अप्रैल की रात्रि को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम दुफेड़िया लच्छीपुर में देर रात घूम रहे एक युवक को लोगो ने चोर समझ पीट–पीटकर मरणासन स्थित में कर दिया था। ईलाज हेतु ले जाते समय युवक की मृत्यु हो गयी थी। मृतक के भाई विनोद कुमार की तहरीर पर थाना को0 देहात में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा घटना को संज्ञान में लेकर आरोपी अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात को दिए थे। उक्त निर्देश के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज के पर्यवेक्षण में घटना कारित करने वाले आरोपी अभियुक्तों में से 2 आरोपी अभियुक्तों ओमप्रकाश, व जयप्रकाश को दिनांक 06.04.2023 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तथा आज दिनांक 07.04.2023 शुक्रवार को एक और आरोपी अभियुक्त राम आधार पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी दुफेडिया नऊउन पुरवा लच्छीपुर थाना कोतवाली देहात गोण्डा को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।गिरफ्तार कर्ता टीम में अति0 प्र0नि0 महिमानाथ उपाध्याय मय टीम शामिल रहे।

# पीपीएस महोत्सव- बच्चों की बेहतरीन प्रस्तुति में मस्ती के साथ भावुक दिखे दर्शक

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। कस्बा स्थित पीपीएस पब्लिक स्कूल में वृहस्पतिवार की शाम को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान श्याम सुंदर चौधरी, व सौरभ गुप्ता, ईओ नवीन कुमार सिंह, रवि अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद छात्र–छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत लुंगी डांस, सोलो सांग, चंदा चमके, फनी गर्ल्स डांस आदि की बेहतरीन प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निवर्तमान ग्राम प्रधान श्याम सुन्दर चौधरी ने कहा कि पढ़ाई जीवन का अंग है, बिना पढ़ाई के व्यक्ति अंधा है। शिक्षा के महत्व को बताते हुए उन्होंने पूर्व डीजीपी रहे बृजलाल के जीवन पर अपनी बात कही, उन्होंने यह भी कहा कि मन और दिल से पढ़ाई का परिणाम रहा कि वे उच्च पद पर आसीन हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रतिनिधि । सौरभ गुप्ता ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए लोगों को जागरूक किया। समारोह में विद्यालय के प्रबंधक ने पटेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव ने वार्षिक रिपोर्ट अभिभावकों के सामने रखी और मेधावियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को विश्वस्तरीय एजुकेशन देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। प्रोजेक्ट सहित अन्य उपकरण के माध्यम से उनकी पढ़ाई कराई जा रही है। यही कारण है कि तेजी से इन बच्चों में सुधार हो रहा है। बच्चे जब किसी चीज को देख एवं सुनकर पढ़ते हैं, तो उसका रिजल्ट अलग ही होता है। कार्यक्रम में स्वागत द्वार पर विद्यालय के छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर राम नगीना सिंह, सम्भू दूबे, रवि दूबे, अमर दीप चौधरी, ओम प्रकाश कौसाधान, सोनू निगम, संदीप कसौधन, मेजर सिंह चौहान आदि लोग रहे।

- ईओ नवीन कुमार सिंह सहित श्याम सुंदर चौधरी, सौरभ गुप्ता, रवि अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ
- पढ़ाई जीवन का अंग है, बिना पढ़ाई के व्यक्ति अंधा है- श्याम सुंदर चौधरी

# भाजपा स्थापना दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

दैनिक बुघ्द्ध का संदेश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। भाजपा के स्थापना दिवस पर शोहरतगढ़ के परसिया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 28 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि आज भाजपा का स्थापना दिवस है। दुनिया मे एक ही पार्टी है भारतीय जनता पार्टी, जिसकी स्थापना 1980 में हुई थी, मात्र 43 वर्षों में विश्व की सबसे पड़ी पार्टी बनकर उभरी है। यही कारण है कि रूस और यूक्रेन के युद्ध विराम में भारत की भूमिका अहम रही, क्योंकि आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोहा मानता है। विकास से लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं में हम हमेशा अग्रणी रहे है। आज भारत ने कोरोना काल मे दो–दो बैक्सीन देने का कार्य किया है और वह वैक्सीन भारत के साथ अन्य लोगों के भी काम आया है। इसके साथ ही उन्होंने विश्व स्तर पर केंद्र की राजनीति और योगा के माध्यम से स्वास्थ्य में हो रहे परिवर्तन को लेकर भी विस्तार से अपनी बात कही। इसके साथ ही उन्होंने केन्द्र और प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं आयुष्मान कार्ड आदि की भी जानकारी देते हुए उसके लाभ पर विस्तार से चर्चा की। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उन्होंने डॉक्टरों से भी वार्ता की। इसके साथ ही कार्यक्रम को बस्ती जिला परिषद अध्यक्ष संजय चौधरी, भाजपा के रमेश मणि त्रिपाठी, नर्वदेश्वर मणि त्रिपाठी, अधीक्षक डॉ आर जी सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ ए के आजाद, महिला डॉक्टर डॉ नमिता शुक्ला, डॉ श्रवण चौधरी ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से चीफ फार्मशिस्ट प्रेम चंद्र गुप्ता, अरविंद चौधरी,बीसीपीएम सुरेंद्र पाल, एलटी बीरेंद्र चौधरी, मनोज चौधरी, मनीष चौधरी, सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय, योगेंद्र मणि त्रिपाठी, पद्माकर शुक्ल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित यादव, निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि अमित गुप्ता, पराग राम यादव, पिन्टू मौर्य, रामकेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# विशेष स्वास्थ्य शिविर में 215 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। स्थानीय नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में शुक्रवार को शासन के दिशानिर्देश क्रम में एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर क्षेत्रीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उन्हें निश्शुल्क औषधियाँ वितरित की गयी। इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में नेत्र रोग, एलर्जी, चर्मरोग, टीबी, श्वशन रोग, मधुमेह, खाँसी, गर्भवती महिलाओं, कुपोषित बच्चों आदि का स्वास्थ्य परीक्षण कर सम्बंधित विशेषज्ञ चिकित्सको के जरिये अवश्य उपचार और परामर्श दिया गया।स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के दूर दराज गाँवो से आए विभिन्न प्रकार के मरीजों का जांच व इलाज किया गया।जिसमे कुल 215 मरीजो ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इनमे 117मरीजों पैथोलॉजी जांच, 13 मरीजों का एक्सरे करने के अलावा अन्य जरूरतमंदो यथोचित परामर्श, उपचार और निश्शुल्क औधधियाँ दी गयी।इस मौके पर स्वस्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ0 एस के पटेल ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक बेहतर तरीके से पहुँचाने के लिए सीएचसी निरन्तर प्रयासरत है।इसलिए ओपीडी के अलावा समय समय पर इस तरह के विशेष स्वास्थ्य कैम्पो के माध्यम से लोगो को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उचित परीक्षण,परामर्श व इलाज कर स्वस्थ सामाज के निर्माण की दिशा में संकल्पित प्रयास जारी है।क्षेत्रीयजनों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने में अस्पताल प्रशासन कटिवद्ध है।इस विशेष स्वास्थ्य शिविर के मौके पर डॉव शैलेश कुमार, डाक्टर बृजेश चंद्र, डाक्टर सानिया निजाम, डाक्टर प्रीति शुक्ला के अलावा पैरामेडिकल स्टाफ में फार्मेसिस्ट राजकुमार गुप्ता,एलटी दिनेश कुमार पांडेय, अभिषेक पाण्डेय, अमित वर्मा, काउंसलर आशीष कुमार, रमेश कुमार चौधरी आदि तमाम विभागीय लोगो का योगदान उल्लेखनीय रहा।

# प्रमुख ने की सड़क निर्माण में खराब गुणवत्ता की शिकायत

दैनिक बुघ्द्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। स्थानीय तहसील व मिठवल क्षेत्र के राजस्व ग्राम पैड़ी बुजुर्ग से ग्राम धवर के समीप ट्रांसफार्मर तक लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क के खराब गुणवत्ता की

खामी की शिकायत ब्लॉक प्रमुख श्रीमती निशा चौधरी ने अधिशासी अभियंता से की है। उक्त बाबत अधिशासी अभियंता को बीते 3 अप्रैल को भेजे शिकायती पत्र में प्रमुख चौधरी ने कहा है कि पैड़ी बुजुर्ग से ग्राम धवर के किनारे लगे ट्रांसफार्मर तक पौने 4 मीटर चौड़ी बनाई जा रही सड़क की गुणवत्ता इतनी खराब है कि आगे आगे सड़क बन रही है और पीछे पीछे पीछे सड़क पर हरी–भरी घास उगती जा रही है। सड़क को अपने गांव से जुड़ा हुआ बताते हुए उन्होंने कहा है कि सड़क में ना तो मानक के अनुसार मोटाई ऊंचाई है और ना ही मानक के अनुसार तारकोल आदि का उपयोग हो रहा है जिसको लेकर स्थानीय लोगों में काफी रोष है। उन्होंने अपने शिकायती पत्र के साथ 50 स्थानीय लोगों के हस्ताक्षर वाला एक महजरनामा भी संलग्न किया है। चौधरी ने अधिशासी अभियंता से स्वयं निरीक्षण कर मानक के अनुसार सड़क को ठीक कराने अथवा की स्थिति में भुगतान तब तक रोके जाने की मांग की है जब तक कि ठेकेदार सड़क को मानक के अनुसार सही ना करा दें।

# शुक्रवार को भी जारी रहा आग का तांडव

## अगलगी में दो गांवों में स्थित 50 बीघे में खडी फसल जलकर राख

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को भी क्षेत्र में आग ने जमकर तबाही मचाई! अगलगी की घटना में बांसी कोतवाली क्षेत्र के पंडरुपुर पिपरा तथा बरडांण गाँव के दर्जन भर से अधिक किसानों का लगभग 50 बीघे में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पंडरुपुर के ग्रामीणों के अनुसार दिन में 12 बजे के आसपास फत्तेपुर गाँव के दक्षिण सीवान से उठी आग की लपटों ने तेज पछुआ हवाओं के प्रभाव से देखते ही देखते विकराल रुप धारण कर लिया। आग पर काबू पाने के लिए जब तक लोग कुछ तैयारी करते तबतक आग बरडांण के सीवान में पहुँच गई! लोगों को सोचने तक का मौका नहीं मिला। आग की लपलपाती जिह्वा ने बरडांण गाँव निवासी दिल बहार, श्यामलाल, इबरार, आबिद, अब्दुल रहमान, तजम्मुल आदि सहित ग्राम वासी जमील का लगभग 14 बीघे में खडीध फसल को खाक कर दिया। डोंडवार भट्ट के प्रधान जितेन्द्र भट्ट ने बताया कि जमील की जो फसल जली है उसमें लगभग 11 बीघा सिहावल के प्रधान का है जिसे जमील ने बटाई पर लिया था। गनीमत यह रही कि उस सीवान में अधिकतर खेतों में कटाई हो चुकी थी। बेरोकटोक बढती आग ने पंडरुपुर पिपरा गाँव के सीवान को भी आगोश में ले लिया। घटना के काफी देर पहुंचे फायर ब्रिगेड ने भी मोर्चा सम्हाल लिया, परन्तु तेज हवा के कारण रौद्र रुप लिए अग्नि के सामने अग्निशमन के जवानों की भी एक न चली सबके देखते देखते आग ने पिपरा निवासी ललित तथा पंडरुपुर के प्रधान ओबैदुल्लाह व उनके सगे–सम्बंधी रशीद, नाटे, गुलाम हुसैन, किफायत, सलामुल्लाह आदि का भी तीन हेक्टेयर से अधिक फसल

जलने का समाचार है। हलांकि काफी मशक्कत के बाद गाँव वालों व मौके पर पहुंचे दोनों फायर ब्रिगेड के सहयोग से गाँव को तो आग से बचा लिया गया। परन्तु आग की जद में आए फसलों को नहीं बचाया जा सका। समाचार भेजे जाने तक लोग यत्र– तत्र सुलग रहे आग को बुझाने के प्रयास में लगे रहे! ग्रामीणों द्वारा आग के रौद्र रुप को देखकर गैस के सिलेंडरों को गाँव के पोखरे में रख दिया गया था। आग पर नियंत्रण हो जाने पर लोग अपना– अपना सिलेंडर घर ले गए। प्रधान ओबैदुल्लाह ने बताया कि फायर ब्रिगेड की सहायता विलम्ब से प्राप्त हुई। वहीं पंडरुपुर के ग्रामीणों का कहना है कि गेहूं के सीजन में हर साल फत्तेपुर के सीवान से लगी आग पंडरुपुर गाँव के सीवान में तबाही मचाती है!उपजिलाधिकारी द्वारा मौके पर भेजे गए लेखपाल देशराज कुशवाहा तथा श्याम किशोर पाण्डेय नुकसान का आंकलन करने में जुटे थे। बीट अधिकारी सहित हल्का के उपनिरीक्षक दिनेश राजभर भी मौजूद रहे।

# कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा एक दिवसीय घरना मंगलवार को

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर अपने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा मंगलवार को एक दिवसीय धरना, प्रदर्शन कर मा0प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री मन्त्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा जाएगा। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता एवं संयोजक शिवाकांत पाण्डेय ने बताया कि दिवसीय घरना जिला अस्पताल स्थिति गाँधी प्रतिमा के सामने 11 बजे से होगा और 3 बजे ज्ञापन सौंपा जाएगा। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता एवं संयोजक शिवाकांत पाण्डेय ने बताया कि पुरानी पेंशन वहाली, वेतन आयोग गठित किये जाने, रिक्त पदों स्थाई भर्ती करने,संविदा कर्मियों एवं आउटसोर्सिंग भर्ती कर्मियों को स्थाई किये जाने आदि की मांग की गई है।नेता द्वय ने अधिक से अधिक कर्मचारियों को धरने शामिल होने की अपील की है।

# पुलिस कर्मियों ने मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास

दैनिक बुद्ध का संदेश

उस्का बाजार,सिद्धार्थनगर। कस्बा में शुक्रवार को पुलिस के

जवानों ने पैदल मार्च कर शांति व सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने पैदल मार्च किया। पुलिस के जवान गलियों, बाजारों, भीड़भाड़ जगह के साथ साथ पुलिस बूथ, कस्बा के टैक्सी स्टैंड, तेतरी तिराहा सहित अन्य संदिग्ध स्थानों पर पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। थाना प्रभारी दिनेश सरोज ने बताया कि पैदल गश्त कर सुरक्षा का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि कमजोर वर्ग खुद को असुरक्षित न समझें, पुलिस सुरक्षा के लिए दिन रात मुस्तैद है। अपराधिक गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए पुलिस जगह–जगह गश्त लगा रही है।

# दौलतपुर गांव के पूरब चेकडेम/जलाशय निर्माण में फर्जी फोटो खण्डजे का किया गया अपलोड

## जिम्मेदारों की मिलीभगत से चेकडेम और जलाशय की खुदाई में, मोबाइल मॉनिटरिंग में खण्डजे का फोटो अपलोड

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बर्डपुर ब्लाक क्षेत्र ग्राम पंचायत बर्डपुर नम्बर 11 के दौलतपुर गाव के पूरब मेंखड़ा नाले पर चेकडेम–जलाशय का दो वर्ष पूर्व सिंचाई विभाग द्वारा कराया गया। फर्जी तरीके से वर्क आईडी निकालकर दुबारा ग्राम पंचायत से भुगतान कराया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत बर्डपुर नम्बर 11 के दौलतपुर गांव के पूरब सिंचाई विभाग का नाला है। जिस पर सिंचाई विभाग द्वारा दो वर्ष पूर्व इस परियोजना पर कार्य कराया गया था। बर्डपुर नम्बर 11 के प्रधान, सचिव, रोजगार सेवक व टीए की मिली भगत से ग्राम पंचायत में इसी परियोजना का नाम बदलकर लगभग पांच लाख रुपया फर्जी तरीके से भुगतान कराया गया है। चेकडेम–जलाशय निर्माण में तीस मजदूरो की डिमांड था, जिसपर 4 मार्च 2023 को मोबाइल मॉनिटरिंग में बिना कार्य का फोटो खिंचा गया है। और भुगतान भी कर दिया गया है। जिसका वर्क आईडी 3151006028ध्डब्लूसीध्95848255823291982 दौलतपुर गाव के पूरब मेंखड़ा नाले पर चेकडेमध्जलाशय का निर्माण कार्य पर खण्डजा, खाली जमीन आदि की फोटो खींचकर मोबाइल मॉनिटरिंग किया गया है। उक्त परियोजना पर मात्र आठ से दस मजदूर काम कर रहे थे। अधिकारियों के मिलीभगत से विभिन्न तिथि में डिमांड निकालकर उक्त परियोजना पर 558060 रुपया भुगतान हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी उच्चस्तरीय गोपनीय जांच की मांग जिला प्रशासन से की है।

## सम्पादकीय

# संसद में वक्त और धन की बर्बादी

**मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस मौके पर कहा कि 12 मिनट में बिना चर्चा के 50 लाख करोड़ रुपये का बजट पास हो गया। अडानी की वजह से सत्तारुढ़ दल ने संसद का बजट सत्र नहीं चलने दिया। मोदी सरकार अडानी को बचाने में जुटी है। यही आरोप अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने भी लगाया। श्री खड़गे ने सरकार पर संसद की...**

गुरुवार 6 अप्रैल को संसद भवन के सामने विपक्षी दलों के कई सांसद हाथों में तिरंगा लिए जिस तरह चले जा रहे थे, उस दृश्य को देखकर फिल्मों में दर्शाए गए वे प्रसंग याद आ गए, जिनमें गुलामी से मुक्ति पाने के लिए छटपटाते देश के लोग हाथों में परचम और होठों पर आजादी के तराने लिए बेखौफ निकल पड़ते हैं। पर्दे पर आजादी के संघर्ष को देखना अलग बात है, यह हमें भारत में अंग्रेजी राज की याद दिलाता है और ये अहसास गहरा करता है कि कितने मुश्किलों से आजादी मिली है। इसके लिए कितने लोगों ने कुर्बानियां दी हैं। लेकिन जिस समय सरकार आजादी के 75 साल को अमृत महोत्सव नाम देकर भव्य आयोजनों में लगी हुई है, उस वक्त विपक्षी सांसदों का तिरंगा लेकर निकलना विचारणीय और चिंतनीय मसला है कि लोकतंत्र को किस हाल में पहुंचा दिया गया है। आज विपक्ष के सांसदों ने संसद से विजय चौक तक जो तिरंगा मार्च निकाला, उसमें यही नारे लगाए कि लोकतंत्र की हत्या बंद करो। लोकतंत्र हाड़–मांस का कोई जीव नहीं है, लेकिन भारत जैसे देश के लिए लोकतंत्र धड़कनों के समान है। जब तक लोकतंत्र धड़कता रहेगा, देश जीवित रहेगा। और इस धड़कन को प्राणवायु संसद से मिलती है। इसी संसद में देश भर के निर्वाचित प्रतिनिधि साथ में बैठते हैं, बहसें करते हैं, एक–दूसरे पर आरोप लगाते हैं, सवाल पूछते हैं, जवाब देते हैं और तमाम तरह के मंथन के बाद विधेयकों को पारित किया जाता है, जिनसे देशहित और जनहित का काम सधता है। लेकिन इस बार बजट सत्र सरकार के अड़ियल रुख के कारण हंगामे की भेंट चढ़ गया। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च नामक थिंक टैंक के अनुसार, इस बार के बजट सत्र में लोकसभा में 133.6 घंटे काम होना था, लेकिन केवल 45 घंटे से थोड़ा ही अधिक कामकाज हुआ जबकि राज्यसभा में 130 घंटे की निर्धारित अवधि के मुकाबले 31 घंटे से थोड़ा ही अधिक कामकाज हुआ। लोकसभा में 34.28 प्रतिशत और राज्यसभा में 24 प्रतिशत ही काम हुआ। बाकी पूरा वक्त शोर–शराबे, विरोध, नारेबाजी में गुजर गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बजट सत्र के दौरान हुए कामकाज का जो ब्यौरा प्रस्तुत किया उसके मुताबिक सदन में आठ विधेयक पेश किए गए और पांच विधेयक पारित हुए हैं। संसद में भाजपा का बहुमत है तो विधेयकों को पारित करने में यूं भी कोई अड़चन नहीं आती, लेकिन सवाल ये है कि इन विधेयकों पर कितनी देर चर्चा की गई और विपक्ष की इसमें कितनी भागीदारी रही। क्योंकि विपक्ष बजट सत्र में लगातार जिस मांग पर अड़ा रहा, उस पर तो सरकार अब भी मौन ही है। हिंडनबर्ग रिसर्च फर्म की अडानी समूह पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप वाली रिपोर्ट के बाद से विपक्ष सरकार से यही मांग कर रहा है कि इस मसले पर एक संयुक्त संसदीय समिति बनाकर जांच कराई जाए। लेकिन सरकार इसके लिए किसी भी तरह तैयार नहीं हो रही, बल्कि अडानी शब्द के उच्चारण से ही बचती दिख रही है। विपक्ष की मांग के जवाब में सत्तारुढ़ भाजपा के लोग राहुल गांधी के ब्रिटेन में दिए भाषण पर माफी की मांग करते रहे। राहुल गांधी ने माफी तो नहीं मांगी, इस बीच मानहानि मुकदमे में उन्हें सजा हुई और लोकसभा की सदस्यता खत्म कर दी गई। कांग्रेस विरोधियों के लिए बजट सत्र का सबसे बड़ा हासिल शायद यही है कि अब राहुल गांधी संसद में नहीं हैं। लेकिन उन्होंने जो सवाल वहां उठाए थे, वे अब भी अनुत्तरित संसद के गलियारों में गूंज ही रहे हैं। संसद के बाहर भी राहुल गांधी लगभग हर रोज सरकार से अडानी मुद्दे पर सवाल पूछ ही रहे हैं। लोकतंत्र में यह बड़ी अजीब बात लग रही है कि सत्तारुढ़ दल एक ऐसे मुद्दे पर मुंह सिले हुआ है, जिस के बारे में जानना देश के लोगों का हक है। सरकार के इस अड़ियल रुख के खिलाफ ही आज विपक्षी दलों ने तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें कांग्रेस के साथ द्रमुक, सपा, राजद, राकांपा और वाम दल शामिल हुए।

# मानव अधिकारों की चिंता

अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत किसी संकट में पड़े देश की मदद करना सरकारों और वित्तीय संस्थानों का दायित्व है। लेकिन यह मदद इस रूप में दी जाना चाहिए, जिससे मानव अधिकारों के लिए खतरा पैदा ना हो। वित्तीय संकट में फंसे किसी देश को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) जैसी सख्त शर्तों पर ऋण देता है, वह पहले से काफी विवादास्पद रहा है। लेकिन आईएमएफ के इस रुख के खिलाफ अब तक सवाल आम तौर पर वामपंथी संगठन उठाते थे। यह संभवतरू पहला मौका है, जब तो पश्चिमी मानव अधिकार संगठनों ने इसे मुद्दा बनाया है। पहले एमनेस्टी इंटरनेशनल श्रीलंका पर लगी गई आईएमएफ की शर्तों पर चिंता जताई और उसके बाद ह्यूमन राइट्स वॉच ने भी श्रीलंका में आईएमएफ के आर्थिक सुधार कार्यक्रम पर सवाल उठाए हैं। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा है कि नीतियां ऐसी अपनाई जानी चाहिए, जिनसे श्रीलंका में आम जन के आर्थिक और सामाजिक अधिकारों का और क्षरण ना हो। इसके पहले एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा था कि आईएमएफ की शर्तों को लेकर वह इस अंतरराष्ट्रीय संस्था के अधिकारियों से बातचीत करेगा और उन्हें अपनी चिंता बताएगा। ह्यूमन राइट्स वॉच ने श्श्रीलंकारू आईएमएफ एक ऋण से अधिकारों के क्षरण का खतराच्य शीर्षक के साथ एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया है– श्सरकारी भ्रष्टाचार और टैक्स नियमों से धनी लोगों को लाभ हुआ, जो श्रीलंका के आर्थिक संकट का प्रमुख कारण है।

इस कारण श्रीलंका के लोगों को अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्हीं लोगों पर और बोझ नहीं डाला जाना चाहिए।च्य विशेषज्ञों के बीच भी आम राय यही है कि श्रीलंका में आर्थिक संकट दशकों तक अपनाई गई गैर–जिम्मेदाराना मौद्रिक नीति, सब्सिडी के गलत इस्तेमाल और कुशासन का परिणाम है। इसकी सबसे अधिक मार आम जन पर पड़ी है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि आईएमएफ की शर्तों की मार भी उन्हीं लोगों को झेलनी पड़ रही है। अब ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत किसी संकट में पड़े देश की मदद करना सरकारों और वित्तीय संस्थानों का दायित्व है। लेकिन यह मदद इस रूप में दी जाना चाहिए, जिससे मानव अधिकारों के लिए खतरा पैदा ना हो। स्पष्टतरू मानव अधिकार संगठनों की इस पहल का स्वागत किया जाएगा। जरूरत ऐसे कथित आर्थिक सुधारों का असली चेहरा सामने लाने की है, जो आम जन की कीमत पर समृद्ध वर्गों के हित साधती हैं।

# धार्मिक हादसों से छुटकारे की उम्मीद

**परंतु वहां के राजनेता तनिक भी चिंतित नजर नहीं आते। वे अपने कराहते हुए देश की कीमत पर भी अपनी ताकत बढ़ाना चाहते हैं। यहां तक कि पाकिस्तान के अखबारों की सुर्खियां अर्थव्यवस्था को पूरी तरह ढ़हने से बचाने के तरीकों के बारे में न होकर इमरान खान, जो अब भी लोकप्रिय हैं, को चुनावों में उम्मीदवारी के लिए अयोग्य घोषित करने के बारे में हैं। पाकिस्तान गर्त में जा रहा है और ऐसे में भारत...**

प्रमोद भार्गव

देश के मंदिरों में जैसे–जैसे विशेष पर्व और भगवानों के प्रकट दिवस पर उत्सवधर्मिता की धूम बढ़ रही है, वैसे–वैसे मंदिरों में जानलेवा हादसों की संख्या भी बढ़ रही है। उत्सवधर्मिता बढ़ाने में सोशल एवं डिजिटल माध्यमों का खूब चामत्कारिक योगदान तो बढ़ रहा है, परंतु जब घटना घट जाती है, तब मौत से जूझ रहे लोगों को बचाने में इनका उपयोग सामने नहीं आ पाता?

200 साल पुरानी बावड़ी को 45 साल पहले 800 वर्ग फीट की छत डालकर ढका

ऐसा इंदौर में बालेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर हादसे में स्पष्ट रूप से देखने में आया है। हादसा घटने के पौन घंटे बाद पुलिस, प्रशासन और राहत दल मौके पर पहुंचे लेकिन एसडीआरएफ और पुलिस दलों के पास न तो बावड़ी में उतरने के लिए रस्सियां थीं और न ही सीढियां। जबकि मंदिर प्रबंधन द्वारा सूचना दी गई थी कि यह हादसा बावड़ी की छत ध्वस्त हो जाने से हुआ है। छत पर पूजा–पाठ कर रहे लोग बावड़ी में गिर गए जिसमें पानी भी भरा है। गमीनत रही कि फायर ब्रिगेड की रस्सियां और सीढियों का उपयोग किया गया। पानी खाली करने की बात आई, तब पता चला कि निगमकर्मियों के पास साठ फीट गहरी बावड़ी से पानी खींचने के लिए चालीस फीट लंबा ही पाइप है। नतीजतन, समय पर बचाव कार्य ठीक से शुरू ही नहीं हो सका और 35 लोगों ने जल समाधि ले ली। करीब 200 साल पुरानी इस बावड़ी को 45 साल पहले आठ सौ वर्ग फीट की छत डालकर ढंक दिया गया था। इसी पर बैठकर लोग अर्चना और हवन कर रहे थे। अतएव हवन करते हाथ जलने की कहावत चरितार्थ हुई है। मध्य प्रदेश में यह कोई धर्मस्थल पर हुआ पहला हादसा नहीं है। इसके पूर्व उज्जैन के सिंहस्थ, रतनगढ़ के देवी मंदिर और अशोक नगर के करीला माता मंदिर में इसी तरह के जानलेवा हादसे हो चुके है।

देश में धर्म–लाभ कमाने की प्रकृति से जुड़े हादसे अब लगातार देखने में आ रहे हैं। आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुश्करालू उत्सव में मची भगदड़ से 13 महिलाओं समेत 29 लोग मारे गए थे। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के सतना जिले के प्रसिद्ध तीर्थस्थल चित्रकूट में कामतानाथ मंदिर की परिक्रमा करते हुए अचानक भीड़ में भगदड़ मच जाने से 10 श्रृद्धालुओं की मौत हो गई थी। मध्य प्रदेश में ही दतिया जिले के प्रसिद्ध रतनगढ़ माता मंदिर में नवमीं पूजा के दौरान आस्था के सैलाब में पुल टूटने की अफवाह से मची भगदड़ से 115 लोग मारे गए थे। इसी मंदिर में 3 अक्टूबर, 2006 को शारदेय नवरात्रि की पूजा के दौरान 49 श्रद्धालू मारे गए थे। फरवरी, 2013 में इलाहबाद के कुंभ मेले में बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें 36 लोग मारे गए थे। मथुरा के बरसाना और देवघर के श्री ठाकुर आश्रम में मची भगदड़ से लगभग एक दर्जन श्रद्धालु मारे गए थे।

विश्व में शांति और सद्भावना की स्थापना के उद्देश्य से हरिद्वार में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित यज्ञ में दम घुटने से 20 लोगों के प्राणों की आहुति लग गई थी। महज भगदड़ से अब तक तीन हजार से भी ज्यादा भक्त मारे जा चुके हैं। बावजूद लोग हैं कि दर्शन, श्रद्धा, पूजा और भक्ति से यह अर्थ निकालने में लगे हैं कि इनको संपन्न करने से इस जन्म में किए पाप धुल जाएंगे, मोक्ष मिल जाएगा और परलोक भी सुधर जाएगा। गोया, पुनर्जन्म हुआ भी तो श्रेष्ठ वर्ण में होने के साथ समृद्ध और वैभवशाली होगा।

देश में हर प्रमुख धार्मिक आयोजन छोटे–बड़े हादसों का शिकार हो रहा है। 1954 में इलाहबाद में संपन्न हुए कुंभ मेले में एकाएक गुस्साए हाथियों ने इतनी भगदड़ मचाई थी कि एक साथ 800 श्रद्धालु काल–कवलित हो गए थे। धर्म स्थलों पर मची भगदड़ से हुई, यह सबसे बड़ी घटना थी। सतारा के मांधर देवी मंदिर में मची भगदड़ में भी 300 से ज्यादा लोग असमय काल के गाल में समा गए थे। केरल के सबरीवाला मंदिर, जोधपुर के चामुंडा देवी मंदिर, और प्रतापगढ़ के कृपालू महाराज आश्रम में भी मची भगदड़ों में सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। बावजूद अब तक के हादसों में देखने में आया है कि भीड़ प्रबंधन के कौशल में प्रशासन–तंत्र न केवल अक्षम साबित हुआ है, बल्कि उसकी अकुशलता के चलते हजारों लोग बेमौत मारे गए हैं।

प्रचार–प्रसार के कारण धार्मिक आयोजनों में लगातार बढ़ रही भीड़

भारत में पिछले दो दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में प्रचार–प्रसार के कारण उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है, जिसके चलते दर्शनलाभ की जल्दबाजी और कुप्रबंधन से उपजने वाले भगदड़ों का सिलसिला जारी है। धर्म स्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती। इसलिए उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अक्सर देखने में नहीं आती? इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया कर रहा है। वह हरेक छोटे बड़े मंदिर के दर्शन को चामत्कारिक लाभ से जोड़कर देश के भोले–भाले भक्तगण से एक तरह का छल कर रहा है। बहरहाल, धार्मिक हादसों से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही? लिहाजा, हादसों का दुर्भाग्यपूर्ण सिलसिला तत्काल तो टूटता दिखाई नहीं देता?

# कर्नाटक चुनाव राष्ट्रीय महत्व का

**ऐसा नहीं है कि स्थितियां कांग्रेस के अनुकूल हैं तो भाजपा ने सरेंडर कर दिया है। भाजपा उसी अंदाज में चुनाव लड़ रही है, जैसे वह कहीं भी लड़ती है। चुनाव की घोषणा से पहले दो महीने में प्रधानमंत्री ने सात बार कर्नाटक का दौरा किया। अमित शाह और जेपी नड्डा के दौरों की गिनती नहीं है। हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास हुए। एंटी इन्कम्बेंसी को कम करने के लिए...**

अजीत द्विवेदी

लोकतंत्र में वैसे तो हर चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होता है और कई बार सबसे छोटे चुनाव से भी बड़ी राजनीति प्रभावित होती है। हाल में पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में चुनाव हुए और तीनों जगह यथास्थिति कायम रही। त्रिपुरा में भाजपा की पूर्ण बहुमत से सत्ता में वापसी हुई तो मेघालय में पहले से ज्यादा सीटें लेकर कोनरेड संगमा की पार्टी एनपीपी सत्ता में लौटी। नगालैंड में भाजपा की सीटें तो नहीं बढ़ी लेकिन सरकार का नेतृत्व कर रही एनडीपीपी की सीटें बढ़ीं और गठबंधन फिर से सत्ता में लौटा। ये तीनों चुनाव नतीजे कई मायने में बेहद अहम हैं। जैसे– तीनों राज्यों में विपक्ष के तमाम शोर शराबे के बावजूद कोई एंटी इन्कम्बेंसी नहीं थी, तीनों राज्यों में विपक्ष एकजुट नहीं हुआ, विपक्ष के बिखरे होने का फायदा सत्तारूढ़ दलों को मिला, तीनों राज्यों में विपक्ष बहुत दमदार तरीके से चुनाव नहीं लड़ सका आदि आदि।

इन तीन राज्यों के बाद अब कर्नाटक में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव आयोग की घोषणा के मुताबिक 10 मई को मतदान होगा और 13 मई को नतीजे आएंगे। इस चुनाव में भी उन तमाम चीजों की परीक्षा होनी है, जिनकी पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों में हुई है। चार साल से राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल है या नहीं? अगर है तो विपक्ष उसका फायदा उठा पाएगा या नहीं? विपक्ष के बिखरे होने का फायदा सत्तारूढ़ दल को मिलेगा या नहीं? और विपक्षी पार्टियां दमदार तरीके से चुनाव लड़ पाएंगी या नहीं? इन चारों सवालों का जवाब एक साथ चुनाव नतीजों से मिलेगा। अगर भाजपा फिर जीत जाती है तो उसका एक मतलब तो यह होगा कि भाजपा भले कुछ राज्यों में चुनाव हार जाती है लेकिन आमतौर पर उसकी सरकारों के खिलाफ आसानी से एंटी इन्कम्बैंसी नहीं होती है या वह गवर्नेंस से इतर भावनात्मक मुद्दों से सत्ता विरोधी लहर को काट देती है। एक मतलब यह होगा कि भाजपा को नरेंद्र मोदी के रहते किसी प्रादेशिक क्षत्रप की जरूरत नहीं है। उसका एक मतलब यह भी होगा कि अगर इतनी अनुकूल स्थितियों में भी विपक्ष भाजपा को नहीं हरा पाए तो उसके लिए भाजपा को हराना नामुमकिन की हद तक मुश्किल है।

कर्नाटक में स्थितियां विपक्ष के बहुत अनुकूल हैं। इसके कई कारण हैं। पहला, राज्य में 38 साल के इतिहास में कोई पार्टी लगातार दूसरी बार सत्ता में वापस नहीं लौटी है। आखिरी बार 1985 में रामकृष्ण हेगड़े की सरकार लगातार दूसरी बार जीती थी। सो, अगर राज बदलने का यह रिवाज जारी रहता है तो स्वाभाविक रूप से भाजपा सत्ता से बाहर होगी और कांग्रेस की वापसी होगी। दूसरा, भाजपा को कभी भी कर्नाटक में पूर्ण बहुमत नहीं मिला है। पहली बार 2008 में उसने निर्दलीय विधायकों के साथ मिल कर सरकार बनाई थी और बाद में विपक्षी पार्टियों के विधायकों के इस्तीफे करा कर उनको भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़वाया था। दूसरी बार 2019 में भाजपा ने कांग्रेस और जेडीएस के विधायकों से इस्तीफा करा कर उनकी साझा सरकार गिरवाई और अपनी सरकार बनाई। तीसरा, भाजपा अब भी पूरे कर्नाटक की पार्टी नहीं है। उत्तरी व तटीय कर्नाटक में उसका मजबूत आधार है और बीएस येदियुरप्पा की मेहनत से लिंगायत उसका सबसे मजबूत कोर वोट बना है। इसके अलावा भाजपा किसी दूसरे बड़े जातीय समूह को अपने साथ नहीं जोड़ पाई है।

चौथा कारण भाजपा के अंदर की गुटबाजी है। 2019 में येदियुरप्पा ने कांग्रेस और जेडीएस की साझा सरकार गिरा कर भाजपा की सरकार बनवाई थी और मुख्यमंत्री बने थे। लेकिन दो साल बाद उनको हटा दिया गया और बसवराज बोम्मई मुख्यमंत्री बने। वे भी लिंगायत समुदाय के हैं लेकिन उनकी पकड़ येदियुरप्पा जैसी नहीं है। उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही पार्टी के अलग अलग खेमे खुल कर सामने आ गए। मुख्यमंत्री बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के समर्थकों के गुट हैं। पांचवां कारण यह है कि येदियुरप्पा पर भाजपा की रणनीति स्पष्ट नहीं है। उनको मुख्यमंत्री पद से हटाने के बाद किनारे कर दिया गया था। लेकिन हार मान कर घर बैठने की बजाय वे पूरे प्रदेश में घूमने लगे। इस क्रम में उनको ऐसा समर्थन मिला कि पार्टी आलाकमान को मजबूर होकर उनको संसदीय बोर्ड में शामिल करना पड़ा। जब इससे यह मैसेज हुआ कि येदियुरप्पा ही सबसे बड़े नेता हैं और वे ही पार्टी को चुनाव लड़ाएंगे तो फिर उनको काटने का अभियान शुरू हो गया। सो, चुनाव आने तक यह तय नही हो पाया कि वे कितने महत्वपूर्ण हैं और उनकी क्या भूमिका है। छठा कारण भ्रष्टाचार का है। राज्य सरकार के ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। किसी न किसी तरह से मुख्य विपक्षी कांग्रेस राज्य की बोम्मई सरकार के ऊपर 40 फीसदी कमीशन वाली सरकार का ठप्पा लगाने में कामयाब हुई है। ठेकेदारों की समूह की ओर से यह आरोप लगाया गया था और एक बड़े ठेकेदार ने इस वजह से आत्महत्या कर ली थी। भाजपा के दिग्गज नेता केएस ईश्वरप्पा को भ्रष्टाचार के आरोप में सरकार से हटाए गए थे और तमाम दबावों के बावजूद उनकी सरकार में वापसी नहीं हुई। हालांकि भाजपा ने भ्रष्टाचार के नैरेटिव को बदलने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। लोकायुक्त ने राज्य के भाजपा विधायक मदल विरूपक्षपा और उनके बेटे को पकड़ा है। उनका बेटा रिश्वत लेते पकड़ा गया था और विरूपक्षपा के घर से आठ करोड़ रुपए मिले थे। भाजपा इस घटना का प्रचार करके बता रही है कि वह भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस रखती है। सातवां कारण यह है कि मुख्य विपक्षी कांग्रेस ने तमाम गुटबाजी के बावजूद लक्ष्मण रेखा पार नहीं की है। पार्टी के बड़े नेता एक साथ मिल कर चुनाव लड़ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बीच परफेक्ट तालमेल नहीं है लेकिन दोनों में कामचलाऊ रिश्ते बन गए हैं और दोनों ने यह जरूरत समझी है कि पहले कांग्रेस की सरकार बने वह ज्यादा जरूरी है। तुरुप के इक्का के तौर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे हैं। कर्नाटक उनका गृह प्रदेश है और कांग्रेस उम्मीद कर रही है कि इसका फायदा उसे मिलेगा। इस तरह ओबीसी समुदाय से आने वाले सिद्धरमैया, वोक्कालिगा समुदाय के डीके शिवकुमार और दलित समुदाय के खडगे का परफेक्ट कॉम्बिनेशन कांग्रेस के पास है। इसमें मुस्लिम वोट जुड़ जाता है तो यह 65 फीसदी से ज्यादा वोट बनता है। जहां तक दमदार तरीके से चुनाव लडने की बात है तो कर्नाटक एकमात्र प्रदेश है, जहां कहा जा सकता है कि पार्टी का संगठन भाजपा के अंदाज में और उसी दम से चुनाव लडने में सक्षम है।

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-हरदासपुर
### विकास खण्ड-नौगढ़ ,जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023-24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 13.04.2023 को अपराह्न 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 13.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **हरदासपुर** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :-**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **हरदासपुर** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **हरदासपुर** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/-रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **हरदासपुर** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **फहमीदा** | **कली मुज्जफर** |
| ग्राम पंचायत-हरदासपुर | ग्राम पंचायत-हरदासपुर |
| वि0 खंड-नौगढ़ | वि0 खंड-नौगढ़ |
| जनपद-सिद्धार्थनगर | जनपद-सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-भड़ेहर ग्राण्ट
### विकास खण्ड-नौगढ़ ,जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023-24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 19.04.2023 को अपराह्न 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 19.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **भड़ेहर ग्राण्ट** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :-**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **भड़ेहर ग्राण्ट** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **भड़ेहर ग्राण्ट** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/-रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **भड़ेहर ग्राण्ट** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **श्री बुद्धि सागर चौरसिया** | **अभिनव ओझा** |
| ग्राम पंचायत-भड़ेहर ग्राण्ट | ग्राम पंचायत-भड़ेहर ग्राण्ट |
| वि0 खंड-नौगढ़ | वि0 खंड-नौगढ़ |
| जनपद-सिद्धार्थनगर | जनपद-सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-बर्डपुर नं0 11
### विकास खण्ड-बर्डपुर ,जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023-24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 10.04.2023 को अपराह्न 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 10.04.2023 से 10.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **बर्डपुर नं० 11** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :-**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **बर्डपुर नं० 11** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **बर्डपुर नं० 11** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/-रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **बर्डपुर नं० 11** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **रहीमुन्निशा** | **राजदीप मिश्रा** |
| ग्रामपंचायत-बर्डपुर नं011 | ग्राम पंचायत-बर्डपुर नं० 11 |
| वि0 खंड-बर्डपुर | वि0 खंड-बर्डपुर |
| जनपद-सिद्धार्थनगर | जनपद-सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय :ग्राम पंचायत-पेडारी बुजुर्ग
### विकास खण्ड-खेसरहा , जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023-24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 10.04.2023 को अपराह्न 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 10.04.2023 से 10.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **पेडारी बुजुर्ग** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :-**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **पेडारी बुजुर्ग** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **पेडारी बुजुर्ग** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/-रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **पेडारी बुजुर्ग** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **शान्ति देवी** | **श्याम सिंह यादव** |
| ग्राम पंचायत-पेडारी बुजुर्ग | ग्राम पंचायत-पेडारी बुजुर्ग |
| वि0 खंड-खेसरहा | वि0 खंड-खेसरहा |
| जनपद-सिद्धार्थनगर | जनपद-सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-मिश्रौलिया
### विकास खण्ड-खेसरहा ,जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023-24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 17.04.2023 को अपराह्न 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 17.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **मिश्रौलिया** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :-**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **मिश्रौलिया** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **मिश्रौलिया** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/-रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **मिश्रौलिया** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **गुड़िया** | **जितेन्द्र सिंह** |
| ग्राम पंचायत-मिश्रौलिया | ग्राम पंचायत-मिश्रौलिया |
| वि0 खंड-खेसरहा | वि0 खंड-खेसरहा |
| जनपद-सिद्धार्थनगर | जनपद-सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-डुमरिया बुजुर्ग
### विकास खण्ड-खेसरहा ,जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023-24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 12.04.2023 को अपराह्न 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 12.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **डुमरिया बुजुर्ग** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :-**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।9.प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11.धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **डुमरिया बुजुर्ग** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **डुमरिया बुजुर्ग** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/-रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **डुमरिया बुजुर्ग** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **दुर्गेश** | **विजय शंकर यादव** |
| ग्रामपंचायत-डुमरियाबुजुर्ग | ग्राम पंचायत-डुमरिया बुजुर्ग |
| वि0 खंड-खेसरहा | वि0 खंड-खेसरहा |
| जनपद-सिद्धार्थनगर | जनपद-सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय :ग्राम पंचायत-बर्डपुर नं0 7
### विकास खण्ड-बर्डपुर , जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023-24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 14.04.2023 को अपराह्न 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 14.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **बर्डपुर नं0 7** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :-**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **बर्डपुर नं0 7** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **बर्डपुर नं0 7** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/-रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा। 14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **बर्डपुर नं0 7** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **पंकज पासवान** | **केशभान यादव** |
| ग्राम पंचायत-बर्डपुर नं0 7 | ग्राम पंचायत-बर्डपुर नं0 7 |
| वि0 खंड-बर्डपुर | वि0 खंड-बर्डपुर |
| जनपद-सिद्धार्थनगर | जनपद-सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय :ग्राम पंचायत-बर्डपुर नं0 1
### विकास खण्ड-बर्डपुर , जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023-24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 14.04.2023 को अपराह्न 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 14.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **बर्डपुर नं0 1** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :-**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **बर्डपुर नं0 1** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **बर्डपुर नं0 1** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/-रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा। 14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **बर्डपुर नं0 1** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **पंकज पासवान** | **केशभान यादव** |
| ग्राम पंचायत-बर्डपुर नं0 1 | ग्राम पंचायत-बर्डपुर नं0 1 |
| वि0 खंड-बर्डपुर | वि0 खंड-बर्डपुर |
| जनपद-सिद्धार्थनगर | जनपद-सिद्धार्थनगर |

## चेन छिनैती और सीएसपी में लूट के दो आरोपी पकड़े गए

महराजगंज। निचलौल और घुघली थाना क्षेत्र में दो अप्रैल को दिनदहाड़े हुईं घटनाओं को अंजाम देने वाले दो लुटेरों को पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने चार दिन बाद घुघली क्षेत्र के बेलवा टीकर से सोनबरसा को जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि आरोपी विशाल राव, करन यादव निवासी डोमिनगढ़ स्टेशन बसियाडी मंदिर, थाना तिवारीपुर, जनपद गोरखपुर और राहुल पांडेय उर्फ मंयक पांडेय निवासी घुघली ने गैंग बनाकर दो अप्रैल को जिले के निचलौल शहर में थाना गेट से सौ मीटर दूर सिसवा टैक्सी स्टैंड पर एक महिला से सोने की चेन छीन ली और घुघली थाना क्षेत्र स्थित पड़री खुर्द में एक सहज जन सेवा केंद्र में मारपीट कर रकम लूट ले गए थे। बताया कि मामले में पुलिस बाइक सवार लुटेरों पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर तलाश कर रही थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों विशाल राव, करन यादव निवासी डोमिनगढ स्टेशन बसियाडी मंदिर, थाना तिवारीपुर, जनपद गोरखपुर को घुघली क्षेत्र के बेलवा टीकर से सोनबरसा को जाने वाली सड़क से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों की तलाशी लेने पर एक कारतूस और कट्टा, घटना में शामिल बाइक और मोबाइल के अलावा लूट की 10 हजार रुपये बरामद हुए। फरार आरोपी राहुल पांडेय उर्फ मंयक पांडेय की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी है। गिरफ्तार दोनों लुटेरों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए तैयारियों को तीव्र गति से कराएं पूरा

महराजगंज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जिले में भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियों को तीव्र गति से पूरा कराया जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। ये बातें जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने नगर के जीएसवीएस इंटर कॉलेज में चल रहीं तैयारियों को देखते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि अधिशासी अभियंता लोक निर्माण हेलीपैड स्थल व अन्य कार्यों को भी समय से पूरा कराएं। दिव्यांग लाभार्थियों को सुविधाजनक तरीके से आने–जाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी को सभी बिंदुओं की दैनिक समीक्षा करते रहने के निर्देश दिए। सभी अधिकारियों को जिम्मेदारीपूर्वक अपनी–अपनी भूमिकाओं का निर्वहन करने के लिए कहा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय, अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर मो. जशीम, अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार आदि मौजूद रहे। 11 दिव्यांगों को मिलेगी मोटराइज्ड ट्राइसाइकिलः मुख्यमंत्री की ओर से कार्यक्रम स्थल पर बचे हुए 11 दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल का वितरण किया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शांतप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि लाभार्थी पहले से चिह्नित हैं।

## भगवान पुर में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवा,महराजगंज। आज भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भगवानपुर के पंचायत भवन पर स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा रिंकू पाण्डेय

के नेतृत्व में आज ग्राम सभा भगवानपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,जिसमे डा. के.एम .यादव के टीम अमरनाथ चौधारी, गणेश यादव, महेश कुमार, नेहा मद्धेशिया साथ में मौजूद रहे भगवानपुर ग्राम प्रधान गणेश मद्धेशिया जी, अपने ग्राम वासियों को बारी–बारी से सभी लोगों का चेपकप करवाते हुए नजरआए इस मौके पर तमाम लोग उपस्थि रहे जैसे उपेन्दर जैसवाल जी, दिलीप भारती जी, अरविंद जी, अनिल यादव जी आदि लोग मौजूद रहे।

## चौपाल में बीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की शिकायत

दैनिक बुद्ध का संदेश

छावनी,बस्ती। विक्रमजोत विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत रूपगढ़

में शुक्रवार को पंचायत भवन कार्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी सुनील कुमार कौशल ने गांव की समस्या का समाधान गांव में के तहत चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्यों को सुना व निस्तारण के लिये आश्वस्त करते हुये सम्बन्धित कर्मचारी को निर्देशित किया।बड़ी संख्या में चौपाल में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी पेंशन, अवास, नाली निर्माण सहित समस्याओं को प्रस्तुत किया। इसी क्रम में कार्यक्रम में पहुंचे खंड विकास अधिकारी ने रूपगढ़ स्थित गौ आश्रय स्थल का गहन निरीक्षण किया। 100 पशुओं की क्षमता वाले गौशाला में 52 गौवंश मिले। उनके खाने के लिए भूसा, हरा चारा और पशु आहार इत्यादि की व्यवस्था को जांचा और पशुओं के रहने के लिए एक अतिरिक्त पशु शेड बनाने के निर्देश दिये। इसके बाद ग्राम चौपाल में पहुंच कर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का लेखा–जोखा उपस्थित ग्रामीणों के सामने रखा और उनकी सहमति जानी। ग्राम पंचायत के सड़क, नालों की सफाई में लापरवाही, इंडिया मार्का नल से गंदा पानी और आयुष्मान कार्ड की संतोषजनक प्रगति न होने की शिकायत मिलने पर खंड विकास अधिकारी ने अधीनस्थों को फटकार लगाई। सीएम फेलो शैलेश उपाध्याय , ग्राम पंचायत अधिकारी रामदरश , प्रधान सुनीता देवी के अलावा हेल्थ वेलनेस सेंटर के सीएचओ , आंगनबाड़ी सुशीलादेवी , आरती सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नशीली दवाओं की बरामदगी बता रही काले धंधे की भयावहता

महराजगंज। भारत–नेपाल सीमा से नशीली दवाओं की तस्करी का धंधा बढ़ रहा है। नशे की लत में फंसे युवाओं की बढ़ती मांग की वजह से दवाओं की खपत बढ़ी है। सीमावर्ती क्षेत्र में नशीली दवाओं की बरामदगी बयां कर रही है कि लाख जतन के बाद भी नशीली दवाओं की तस्करी थम नहीं रही है। अक्सर सीमावर्ती क्षेत्र में नेपाल ले जाने के पहले ही गिरफ्तारी कर ली जाती है। जानकारी के अनुसार, दो साल में दस से अधिक बार नशीली दवा नेपाल ले जाने वालों को पकड़ कर चालान कर दिया गया। दवा ले जाने वालों में ज्यादा स्वयं प्रयोग करने व बेचने वाले होते हैं। स्वयं प्रयोग करने के साथ ही दवा को बेच देते हैं। नेपाल में नशीली दवाओं की मांग ज्यादा है। युवा सस्ती होने के कारण इस प्रयोग धड़ल्ले से करते हैं। फरवरी 2021 से अगस्त 2021 तक ही करीब 692 करोड़ की नशीली दवाएं पकड़ी जा चुकी हैं। ऐसे में जिले की सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। सूचना है कि बॉर्डर के दोनों तरफ के युवा बड़ी तेजी से नशे के आदी हो रहे हैं। इसका फायदा इन ड्रग डीलरों को हो रहा है। अब सुरक्षाबलों ने इस पर शिकंजा कस दिया है। कब, कहां, किसको नशीली दवा के साथ पकड़ा गयाः महराजगंज। चार अप्रैल 2023 को श्याम काट पुल के पास अनिल कुमार यादव निवासी फुलवरिया फरेंदा और सोनू कुमार निवासी वाल्मीकिनगर सोनौली को नशीली दवा के साथ गिरफ्तार किया गया। 21 मार्च 2023 को सोनौली दुकान से छापा डाल कर सरफराज खान निवासी आंबेडकरनगर (सुकरौली) सोनौली को गिरफ्तार किया था। 21 फरवरी 2023 मोहम्मद आलम निवासी दोगहरा भैरहवा नेपाल को गिरफ्तार किया गया। 28 नवंबर 2022 को शाहबान व अंकित तिवारी निवासी सोनौली को कस्बे से ही गिरफ्तार किया गया। 30 अगस्त 2022 को सोनू कुमार निवासी सोनौली और हरदीपसिंह निवासी भैरहवा नेपाल के पास नशीली दवा बरामद हुई थी। 10 जून 2022 को राहुल प्रजापति निवासी गौतमबुद्धनगर , संजय शर्मा निवासी फुलगली नौतनवां और आमिर खान उर्फ पल्लू निवासी सुकरौली थाना सोनौली को गिरफ्तार किया गया। नौ जनवरी 2022 को परसा मलिक थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोहरगड्डी टोला छितवनिया के पास संतोष गुरुंग निवासी नेपाल के भरतपुर थाना भरतपुर जिला चितवन को पकड़ा गया। 10 अगस्त 2022 को थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोहरगड्डी टोला छितवनिया के पास से ईश मोहम्मद व उमेश कुमार निवासी ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर खुर्द थाना ठूठीबारी व राजेश परसा मलिक थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत परसा मलिक को गिरफ्तार किया गया था। 29 अक्तूबर 2022 को परसा मलिक थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत महदेइया तिराहे से आरोपी विकास कुमार वर्मा व रमजान अली निवासी ग्राम पंचायत बरगदवा थाना बरगदवा को गिरफ्तार किया गया।

नेपाल के बुटवल तक पहुंच रही नशीलीः दवा नशीली दवाओं का धंधा पूरी तरह से अपना पांव फैला चुका है। नेटवर्क नेपाल में है और तस्करी भारत से हो रही है। इन दवाओं का धंधा नेपाल तक पहुंच चुका है। नेपाल में नशे की दवाइयों तथा इंजेक्शन की भारी खपत को देखते हुए एक बड़ा रैकेट इसकी तस्करी में जुटा है। नेपाल के पोखरा, नारायण घाट भैरहवा, बुटवल तक प्रतिबंधित दवाइया पहुंच रही हैं।

# गोरखपुर में अधेड़ की हत्या, ईंट से सिर कूचकर उतारा मौत के घाट

## हाथ पैर भी तोड़ा, अवैध संबंध में हत्या की आशंका

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। जिले के पीपीगंज क्षेत्र के तिघरा गांव में अधेड़ की हत्या से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। 55 वर्षीय शिवधर प्रसाद गुरुवार की रात खेत की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान उसका सिर ईंट से कूचकर हत्या कर दी गई। आरोपितों ने शिवधर का हाथ पैर भी तोड़ दिया था। शुक्रवार की सुबह उनका शव गांव के बाहर खेत मे स्थित ट्यूबेल के पास भूसे में मिला। पुलिस, डाग स्क्वाड व फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचकर जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, एक महिला समेत दो को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। तिघरा गांव निवासी शिवधार प्रसाद गुरुवार की रात करीब 11 बजे घर से गांव के दक्षिण तरफ खेत में रखवाली करने गए थे। पत्नी की मृत्यु के बाद वह रोजाना रात को खाना खाने के बाद खेत जाते थे और वहीं एक कमरे के मकान में सोते थे। शुक्रवार की सुबह शिवधर के घर नहीं पहुंचने पर स्वजन खेत के पास स्थित कमरे पर पहुंचे तो वह नहीं मिले। स्वजन खेत की तरफ तलाश करना शुरू किए तो खून से सना उनका शव ट्यूबेल के पास रखे भूसे के पास मिला। शव देखने से लग रहा था कि हत्या करने वालों की संख्या एक से अधिक रही होगी। सिर ईंट से कूच दिया गया था और दोनों हाथ व पैर तोड़ दिये गए थे। मृतक के पुत्र भोला प्रसाद व सोनू ने किसी से दुश्मनी से इनकार किया है। मृतक प्राइवेट डाक बांटता था। बताया जा रहा है कि हत्या अवैध संबंध में हुई है। थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि जांच चल रही है। दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

## चौरासी कोशी यात्रा में चिलचिलाती धूप में पुलिस का मानवीय चेहरा देखकर लोगों ने सराहा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। मान्यताओं के मुताबिक अयोध्या के राजा राम का साम्राज्य 84 कोस (252 किलोमीटर) में फैला था। राज्य का नाम कौशलपुर था जिसकी राजधानी अयोध्या थी। इसी वजह से दशकों से 84 कोसी परिक्रमा की परंपरा है। यात्रा के मार्ग में उत्तर प्रदेश के छह जिले आते हैं– बाराबंकी, फैजाबाद, गोंडा, बहराइच, अंबेडकरनगर और बस्ती जिला। मखौडा धाम बस्ती जिले में हर्रैया तहसील के सबसे प्राचीन स्थानों में से एक है जहां राजा दशरथ ने महर्षि वशिष्ठ की सलाह पर ऋषिश्रिंग की मदद से पुत्रकामेक्षी यज्ञ किया था। ऐसा कहा जाता है कि दशरथ और कौशल्या की बेटी जिनका नाम शांता है, जो ऋषिश्रिंग की पत्नी थीं। वैशाख कृष्ण पक्ष की प्रथम तिथि पर भगवान राम के जन्म के कारक स्थली मखौड़ा धाम में रविवार भोर 84 कोसी परिक्रमा शुरू हुई श्रद्धालुओं ने मनोहर नदी स्नान किया उसके बाद राम जानकी मंदिर में पूजा पाठ कर धर्म ध्वजा फहराया इसके साथ आचार्य के नेतृत्व में साधु–संतों ने परिजनों ने परिक्रमा शुरू किया , परिक्रमा में विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों की भी भागीदारी रही जय श्री राम सीताराम जय घोष से पूरा क्षेत्र भक्ति में दिखाई दे रहा था परिक्रमा में श्रद्धालुओं की जगह जगह पर स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। मखौड़ा धाम से 18 किलोमीटर की दूरी तय कर 84 कोसी परिक्रमा अपने प्रथम पड़ाव स्थल रामरेखा मंदिर पर सुबह 10.00 बजे के करीब संतों का पहला जत्था पहुंचा दोपहर बाद 1रू00 बजे तक 400 के करीब संत रामरेखा मंदिर तक पहुंच चुके थे संतों की परिक्रमा मार्ग को को, रजवापुर नगरा बदला चौराहा गढ़वा रामगढ़ भर्ती का पुरवा फतेहपुर अलीपुर आदि गांव में ग्रामीणों द्वारा स्वागत व सेवा भाव से जलपान कराया गया तपती धूप के बीच को चलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था, जिसके रास्ते में ड्यूटी में तैनात पुलिस के जवानों द्वारा उनके साथ मानवता पूर्वक व्यवहार दिखाते हुए हाथ पकड़कर रोड क्रश कराते हुए भी देखा गया , इस काम को करने में साधुओं द्वारा पुलिस के जवानों को खूब आशीर्वाद दिया जा रहा था एवं जनता जनता के लोगों द्वारा सराहना की गई,इस क्रम में थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडे अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद दिखे। छावनी पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर।


**कार्यालय : ग्राम पंचायत- सन्तोरा**
**विकास खण्ड-शोहरतगढ, जनपद-सिद्धार्थनगर**

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 13.04.2023 को अपराह्न 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 13.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **सन्तोरा** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २. २४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **सन्तोरा** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **सन्तोरा** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा। 14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **सन्तोरा** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
**शिवलाल**
ग्राम पंचायत–सन्तोरा
वि0 खंड–शोहरतगढ़
जनपद–सिद्धार्थनगर

सचिव
**श्रीमती सुमन पटेल**
ग्राम पंचायत–सन्तोरा
वि0 खंड–शोहरतगढ़
जनपद–सिद्धार्थनगर

**कार्यालय : ग्राम पंचायत- सन्तोरी**
**विकास खण्ड-शोहरतगढ, जनपद-सिद्धार्थनगर**

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 13.04.2023 को अपराह्न 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 13.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **सन्तोरी** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २. २४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **सन्तोरी** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **सन्तोरी** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **सन्तोरी** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
**अजय कुमार चौधरी**
ग्राम पंचायत–सन्तोरी
वि0 खंड–शोहरतगढ़
जनपद–सिद्धार्थनगर

सचिव
**श्रीमती सुमन पटेल**
ग्राम पंचायत–सन्तोरी
वि0 खंड–शोहरतगढ़
जनपद–सिद्धार्थनगर

**कार्यालय : ग्राम पंचायत–जम्हिरिया**
**विकास खण्ड–जोगिया ,जनपद–सिद्धार्थनगर**

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 12.04.2023 को अपराह्न 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 12.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **जम्हिरिया** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २. २४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **जम्हिरिया** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **जम्हिरिया** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा। 14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **जम्हिरिया** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
**श्रीमती रेखा**
ग्राम पंचायत–जम्हिरिया
वि0 खंड–जोगिया
जनपद–सिद्धार्थनगर

सचिव
**मो0 मुस्तफा**
ग्राम पंचायत–जम्हिरिया
वि0 खंड–जोगिया
जनपद–सिद्धार्थनगर

# अन्नदाता देश के लोगों को स्वस्थ जीवन प्रदान करने के लिए खेती में लाए सुधारः राजकुमार दुबे

दैनिक बुद्ध का संदेश

रूपईडीह,गोंडा। रघु बाबा समाज सेवा संस्थान की मासिक बैठक घुचुवापुर चौराहे पर स्थित प्रशासनिक कार्यालय पर संपन्न हुई जिसमें संस्था से जुड़े लोगों के साथ क्षेत्रीय किसानों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें क्षेत्र के किसानों ने अपनी समस्याओं को बताया तो संस्था ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी हर समस्या के निदान हेतु केंद्र सरकार व राज्य सरकार से पत्राचार का उनकी समस्याओं का निदान कराया जाएगा। इस बैठक में अहम मुद्दा देश में अधिक से अधिक लोगों में फैल रही नाना प्रकार की बीमारियों पर चर्चा की गई जिसमें संस्था के अध्यक्ष राज कुमार दुबे ने किसानों से अपील किया कि यदि आप लोग रासायनिक खादों बीजों और दवाइयों का इस्तेमाल करना बंद कर दे तो देश में नाना प्रकार की फैल रही बीमारियों पर एकाएक अंकुश लग सकता है और हमारे देश के लोगों को जिस तरह से अपनी कमाई का आधा हिस्सा दवाइयों में खर्च करना पड़ रहा है वह खर्चा बच जाए और लोग अपने आप को और आत्मनिर्भर बना सकें श्री दुबे ने किसानों से अपील किया कि वह रासायनिक खेती से दूरी बनाए और जैविक खेती की तरफ बढ़े तो इससे जहां एक तरफ हमारे देश के किसानों को लाखों करोड़ों रुपए का बचत होगा तो वहीं दूसरी तरफ हमारे देश के लोगों को स्वस्थ जीवन मिलना शुरू हो जाएगा आज हमारे देश में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है इसका मूल कारण सिर्फ रासायनिक खेती ही यदि हमारे किसान भाइयों को सरकार जैविक खेती करने के लिए अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराए तो किसानों की जहां एक तरफ आय दोगुनी हो सकती है तो वही हमारे देश में स्वस्थ लोगों की संख्या अधिक से अधिक बढ़ जाएगी और लोगों को नाना प्रकार स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निजात मिलेगा अब समय आ गया है कि हमारे किसान भाइयों को जहां एक तरफ जैविक खेती करने का महत्त्व समझना है तो वहीं दूसरी तरफ शासन व प्रशासन को किसानों को जैविक खेती हेतु हर प्रकार की सुविधा देने के लिए धरातल पर कार्य करना होगा बैठक में विद्या राम यादव जयप्रकाश मिश्रा रामनारायण पाठक पालन मिश्रा संतराम गौतम केके चतुर्वेदी राम सुरेश पासवान आदि लोग उपस्थित रहे।

## तरबगंज पुलिस ने 2 नफर अभियुक्त को अवैध कच्ची शराब के साथ किया गिरफ्तार भेजा न्यायालय

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा अवैध शराब

के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के रोकथाम हेतु कड़ी कारवाई के निर्देश जनपद गोण्डा के समस्त थानाध्यक्षध्प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिये थे। उक्त क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व क्षेत्राधिकारी तरबगंज संसार सिंह राठी के निर्देशन में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक थाना तरबगंज मनोज पाठक के नेतृत्व मे थाना तरबगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान 2 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया तरबगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त बृजेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह निवासी ग्राम निवारी दर्जी कुआं थाना कोतवाली देहात जनपद गोंडा व भारत सिंह पुत्र नकछेद सिंह निवासी चन्दसुहा थाना तरबगंज जनपद गोंडा को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से दो पिपिया में 10–10लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई दोनों अभियुक्त के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारकर्ता टीम में उ0नि0 सन्दीप वर्मा,उ0नि0 सोम प्रताप सिंह, हे0का0 अमर सिंह, हे0का0 दिनेश यादव,का0 रितेश कुमार शामिल रहे।

## भजन संध्या में झूमे हनुमान भक्त

- **हनुमान जी की हुई भव्य जन्म उत्सव आरती**
- **श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद**

दैनिक बुद्ध का संदेश

रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र। हनुमान जन्म उत्सव के अवसर पर बृहस्पतिवार को सीएमओ ऑफिस के पास स्थित संकट मोचन मंदिर पर पुजारी राजकुमार पांडे



के संयोजकत्व देर शाम भव्य भजन संध्या का आयोजन कराया गया। जिसमें की पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध भजन गायक सूरज गुप्ता, ओमकार विश्वकर्मा और वाराणसी से पधारे गायक छोटू शुक्ला एवं गायिका राधा मिश्रा ने बजरंगबली के एक से बढ़कर एक भजनों को गाया। जिसे सुनकर वहां उपस्थित भक्त जय श्री राम जय बजरंगबली के जय कारे लगाते हुए झूमने लगे। भजन गायकों के साथ आर्गन पर नागेंद्र दुबे, ढोलक पर झां व पैड पर छोटू ने संगत किया। वही जय मां गायत्री झांकी ग्रुप द्वारा प्रो० आकाश गुप्ता के नेतृत्व में मां काली, भोलेनाथ के पात्र में बने कलाकारो द्वारा भव्य झांकियां प्रस्तुत की गई ।इसके पूर्व संकट मोचन मंदिर के पुजारी राजकुमार पांडे द्वारा द्वारा शाम 7:00 बजे श्री बजरंगबली की जन्म उत्सव आरती भव्यता के साथ की गई। जिसमें की भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। वही मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें कि सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर के व्यवस्थापक डूंगरमल, अग्रवाल, सचिन जयसवाल, गया प्रसाद, संतोष कुमार सिंह, दिनेश शुक्ला, संतोष चौबे, अजीत शुक्ला, शिवा पांडे, आत्माराम पांडे दीपू केसरी, अभिषेक सिंह, राहुल केसरी, लक्ष्मण, निखिल चौबे, दादे चौबे, सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# मखौड़ा से चल कर रामरेखा पहुचे साधु, रात्रि बिश्राम

दैनिक बुद्ध का संदेश

छावनी,बस्ती। चौरासी कोसी परिक्रमा मेंशामिल श्रद्धालुओं के साथ ही साधु संतों की टोली शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे से लेकर शाम तक प्रथम पड़ाव अमोढ़ा के रामरेखा मंदिर पर पहुंच गई। श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर रामरेखा नदी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद रामजानकी मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना किया। संतों के राम नाम जयकारे से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। पहले पड़ाव स्थल पर रात्रि विश्राम के पश्चात अगले दिन रामरेखा नदी में स्नान के बाद पूजन–अर्चन कर शुभ मुहूर्त में श्रद्धालु दुबौलिया विकासखंड के हनुमान बाग चकोही के लिए प्रस्थान करेंगे। पुलिस व स्वास्थ्य विभाग रहा परिक्रमा के आरंभ स्थल मखौड़ा से लेकर प्रथम पड़ाव रामरेखा मंदिर तक प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व स्वास्थ्य के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुनसान स्थानों पर पुलिसकर्मियों के साथ थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय मय टीम भ्रमण करते रहे। व रामरेखा नदी के घाट पर स्नान के दौरान परिक्रमा में आये साधु संतो को अधिक गहरे पानी में जाकर स्नान करनें से रोकते रहे। समाजसेवियों ने की परिक्रमार्थियों की सेवा चौरासी कोसी परिक्रमा में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा में समाजसेवियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रामगढ़ गाव में वीर बहादुर सिंह, फत्तेपुर में लाल बहादुर तिवारी, रेडवल गाव के समीप देवमणि यादव व दीपक मिश्रा, बदल सिंह पोखरा के पास सन्त रामअचल दास ने संतों के जलपान की व्यवस्था की। इसी क्रम में राम रेखा मंदिर परिसर में अंगद मिश्र द्वारा फल व दही का सर्बत ,व समाजसेवीयों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सड़क पर बिखरी गिट्टियों से श्रद्धालुओं को हो रही दिक्कत' महंथ गया दास ने बताया कि यात्रा आरम्भ करने से लेकर प्रथम पड़ाव तक सड़क पर बिखरी गिट्टियां यात्रा के दौरान कष्टदायी रहीं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जिस प्रकार पंच कोसी व चौदह कोसी परिक्रमा में सड़कों पर बालू व मिट्टियां डलवाई जाती है उसी प्रकार से इस परिक्रमा मार्ग पर भी यह व्यवस्था होनी चाहिए। कहा कि हर जगह संतों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था की गई है,यह सराहनीय है। कहा कि इस बार शासन से मांग की गयी थी कि यात्रा के दौरान परिक्रमार्थियों के साथ एक एम्बूलेंस की व्यवस्था रहे लेकिन नहीं की गयी अयोध्या के बड़ी छावनी के बाबा ओकांर दास ने इस बार नदी के घाट की सफाई करने वाले समाजसेवी गोपाल जी सोनी का संत मण्डली सराहना किया तथा भारी सख्या में साधु महात्मा इस बार नदी के घाट पर स्नान किये समाजसेवियो ने की परिक्रमा के संतो की सेवा इस बारे में पूछे जानें पर रामरेखा मंदिर के पुजारी. बाबा दयाशंकर दास ने बताया कि मंदिर पर परिक्रमार्थियों के रहने, खाने, पीने व प्रकाश आदि सारी व्यवस्था पूरी कर ली गई है। इसमें क्षेत्र के लोग भी पूरा सहयोग कर रहे हैं। ब्लॉक प्रमुख केके सिंह, बीडीओ सुनील कुमार कौशल ने रामरेखा पहुंच कर श्रद्धालुओं के सेवा सत्कार में कोई कमी नहीं रहे पुजारी से जानकारी ली। मंदिर परिसर में समाजसेवी अंगद मिश्र, दिनेश सिंह, गोपाल सोनी, एमपी सिंह आदि ने साधू – संतों की सेवा में लगे रहे। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय अपने सहयोगियों के मुस्तैद रहे।

## एसपी द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन चुर्क में शुक्रवार परेड की ली गई सलामी किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस

लाईन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। निरीक्षण के क्रम में उनके द्वारा यू0पी0–112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन संजीव कटियार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# तैयारियां पूरीः कुर्मी महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 8 से

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। भारतीय कुर्मी महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं सम्मेलन शनिवार 8 अप्रैल से सरदार पटेल स्मारक संस्थान' कुर्मी बोर्डिंग' में आयोजित किया गया है। अधिवेशन एवं सम्मेलन की तैयारी पूरी की जा चुकी है। जिलाध्यक्ष डा. वी.के. वर्मा ने बताया कि पहले दिन अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 200 प्रंतिनिधि हिस्सा लेंगे और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक मोर्चो पर व्यापक विमर्श कर निर्णय लिये जायेंगे। प्रदेश अध्यक्ष डा. हरिश्चन्द्र पटेल ने बताया कि 9 अप्रैल को सम्मेलन में तीन हजार सदस्यों की उपस्थिति में प्रस्ताव पारित किये जायेंगे। इसके साथ ही विशेष योगदान के लिये चयनित लोगों को सम्मानित किया जायेगा। डा. वी.के. वर्मा ने बैठक में बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में जीएएस के अध्यक्ष जे.के. थिसिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, राज्य मंत्री गन्ना विकास संजय कुमार गंगवार, मंत्री राकेश सचान, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, अपना दल के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेल को आमंत्रित किया गया है। बताया कि कार्यक्रम में डा. आर.के. वर्मा, डा. एच.एन. सिंह, राम मूर्ति वर्मा, राजेन्द्र चौधरी, प्रभात वर्मा, ई. वीरेन्द्र चौधरी, राम प्रताप वर्मा, प्रेमसागर पटेल, जीतलाल पटेल, सुनील कुमार पटेल, कविन्द्र उर्फ अतुल चौधरी, विपिन कुमार वर्मा, डा. सुरभि गंगवार, रामललित चौधरी, पंकज पटेल, अनिल पटेल, राम निवास वर्मा, श्रीमती रमा निरंजन, डा. मान सिंह, अरविन्द चौधरी, दयाराम चौधरी, डा. हरिश्चन्द्र पटेल, बाबा भाई पटेल, राम किशोर पटेल, अरविन्द सिंह बौद्ध, अवध नरेश वर्मा, ई. के.के. चौधरी, डा. आशुतोष वर्मा, आनन्द वर्मा, शरद चौधरी के साथ ही देश प्रदेश के अनेक जन प्रतिनिधि, सांसद, विधायक एवं अनेक संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। बताया कि अधिवेशन में कुर्मी समाज की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक स्थिति पर विमर्श के साथ ही अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे। अध्यक्षता पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी द्वारा किया जायेगा। अधिवेशन की तैयारी बैठक में मुख्य रूप से ओम प्रकाश चौधरी, डा. हनुमान प्रसाद चौधरी, शीतला पटेल, आर.के. सिंह पटेल, बद्री प्रसाद चौधरी, मस्तराम वर्मा, अरविन्द चौधरी, के.सी. चौधरी, अजय चौधरी, भारत सिंह पटेल, प्रेमचन्द्र चौधरी 'पोरस, बृजलाल लोधी, अशोक कुमार वर्मा, सुखराम पटेल, विद्या सागर चौधरी, डा. श्याम नरायन के साथ ही अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन चुर्क, सोनभद्र मे मेडिकल कैम्प का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस कर्मियों एंव उनके परिवार के कल्याणार्थ

स्वास्थ्य के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क सोनभद्र में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। मेडिकल कैम्प में पुलिस लाइन के पुलिसकर्मी उपस्थित रहें। इस दौरान उपस्थित चिकित्सकीय टीम द्वारा चेक अप कर बीमारी से सम्बन्धित दवाईयां दिया गया तथा उन्हें स्वयं को स्वस्थ्य रखने तथा खान–पान के सम्बन्ध में सुझाव दिये गये। इस दौरान चिकित्सकीय टीम से डॉ0 अनिल चौहान डॉ0 सत्येन्द्र सिंह डॉ0 सुभाष यादव आदि के साथ साथ प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक राजेन्द्र कुमार सहित पुलिस परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

## पीजीआई में जिले का एक व्यक्ति मिला कोरोना पॉजिटिव

देवरिया। पीजीआई लखनऊ में इलाज कराने गए जिले का एक व्यक्ति जांच में पॉजिटिव मिला है। इसकी सूचना मिलने पर स्वास्थ्य महकता अलर्ट हो गया है। टीम को कांट्रैक्ट ट्रेसिंग के निर्देश दिए गए हैं। इसे लेकर सजग होने की जरूरत है। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही के लखनऊ में पॉजिटिव मिलने के बाद बुधवार को पीजीआई में इलाज कराने गया 55 साल का व्यक्ति की भी संक्रमित मिला है। बनकटा क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति कैंसर का मरीज हैं। उनका आपरेशन होना है। वह 10 दिन पहले से लखनऊ में रह रहे हैं। बुधवार को एसपीजीआई में जांच की गई तो कोविड पॉजिटिव पाए गए। वह लखनऊ में होम आइसोलेशन में हैं और उनका इलाज चल रहा है। पोर्टल पर जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग चौकन्ना हो गया है। पीड़ित के घर टीम को भेज कर कांट्रैक्ट ट्रेसिंग कराई जा रही है। वहीं सभी सीएचसी, पीएचसी को कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए मरीजों को जागरूक करने कहा गया है। साथ ही लक्षण मिलने पर जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## थाना करमा पुलिस द्वारा अपहरण से सम्बंधित प्रकरण में अपहृता को सकुशल किया गया बरामद

दैनिक बुध्द्ध का संदेश

करमा,सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा गुमशुदाध अपहृता से सम्बन्धित अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी घोरावल के निकट पर्यवेक्षण में थाना करमा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–34ध्2023 धारा 366 भादवि से सम्बंधित अपहृता की बरामदगी कर सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# तेज धूप ना छीन लें आपकी त्वचा का निखार, इस तरह करें अपनी स्किन की देखभाल

गर्मियों का मौसम आ चुका हैं जहां चिलचिलाती धूप सेहत के साथ स्किन को भी नुकसान पहुंचाने का काम करती हैं। गर्मियों में स्किन पर आने वाले पसीने और जमने वाली गंदगी की वजह से वह बेजान और रूखी हो जाती है। आपको इस मौसम में होने वाले रैश, टैन, सनबर्न और एक्ने से बचने की जरूरत है, क्योंकि आपकी स्किन सुरक्षा की मांग करती है। ऐसे में कई लोग गर्मी के मौसम में अपनी स्किन को लेकर बहुत अधिक चिंतित रहते हैं और वे बाहर जाने से कतराने लगते हैं। लेकिन कुछ आसान से टिप्स अपनाए जाएं तो स्किन की अच्छे से देखभाल की जा सकती हैं। आज हम आपको कुछ स्किन केयर टिप्स बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से आपकी स्किन गर्मियों में भी खिली–खिली नजर आएगी। आइये जानते हैं इन टिप्स के बारे में...

अतिरिक्त तेल को हटाने के लिए फेस वाश करें: गर्मी के मौसम में ऑयली स्किन ज्यादा ऑयली हो जाती है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन के अनुकूल फेस वॉश का इस्तेमाल करें। फेस वॉश गहराई में जाकर स्किन को साफ करता है, और हर तरह की धूल और गंदगी को बाहर निकालता है। जिन लोगों की स्किन ड्राई है, उन्हें बिना फोम वाले क्लींजर की जरूरत पड़ती है। इन्हें माइल्ड, अल्कोहल फ्री और पीएच बैलेंस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं: ज्यादा से ज्यादा पानी पीने से स्किन ही नहीं हेल्थ को भी कई फायदे मिलते हैं। आपको 15 दिन ही नहीं हर रोज सही मात्रा में पानी पीना चाहिए। कहते हैं कि शरीर में पानी की मात्रा सही होने पर खून साफ होता है और इस कारण चेहरा ग्लो करने लगता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक हम सभी को एक दिन में करीब 3 लीटर पानी कम से कम जरूर पीना चाहिए। आप चाहे तो दिन में एक नारियल पानी भी पी सकते हैं।

सूरज की किरणों से बचाएं: सूरज की किरणों से त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। सूरज की किरणें त्वचा को समय से पहले बूढ़ा बना सकती हैं। साथ ही झुर्रियां, फाइन लाइंस की समस्या भी पैदा हो सकती है। सूरज की हानिकारक किरणों से बचने के लिए आपको गर्मियों में सनस्क्रीन जरूर लगाना चाहिए। आप 30–40 एसपीएफ वाला सनस्क्रीन लगा सकते हैं। इससे त्वचा टैनिंग से बचेगी, साथ ही काले–धब्बे भी नहीं पड़ेंगे।

हेल्दी डाइट जरूरी: डाइट में विटामिन, न्यूट्रिएंट्स और एंटी ऑक्सीडेंट्स की मात्रा बढ़ा दें। जितना हो सके फ्रूट्स और सब्जियां खाएं। इससे स्किन में कोलेजन के प्रोडक्शन बढ़ता है और स्किन डैमेज होने से बची रहती है।

चेहरे पर लगाएं ऑयल

कहते हैं कि मालिश करने से ब्लड सर्कुलेशन में सुधार आता है और ऐसा ही कुछ चेहरे की स्किन के साथ भी है। अगर आप लगातार 15 दिन चेहरे की मसाज करते हैं, तो इससे ग्लोइंग स्किन पा सकते हैं। आप चाहे तो वर्जिन कोकोनट ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ऐसा करने से स्किन अंदर से रिपेयर होती है और उसमें नमी बरकरार रहती है। साथी स्किन सॉफ्ट भी हो जाती है, इसलिए शुरू के 15 दिन रोजाना चेहरे की हल्के हाथों से मसाज जरूर करें।

त्वचा को एक्सफोलिएट करें: त्वचा को एक्सफोलिएट करना बहुत जरूरी होता है। त्वचा को एक्सफोलिएट करने से चेहरे पर जमा गदंगी, एक्सट्रा ऑयल निकल जाता है। साथ ही त्वचा से डेड स्किन सेल्स भी रिमूव हो जाती है। इसके लिए आप किसी अच्छे स्क्रबर का इस्तेमाल करें। आप चाहें तो चीनी और कॉफी का स्क्रबर तैयार कर सकते हैं। इससे चेहरे पर हल्के हाथों से मालिश करें, 5 मिनट बाद चेहरा धो लें।

मेकअप करें कम: गर्मियों में अधिक मेकअप से स्किन पोर्स बंद हो जाते हैं जिससे स्किन पर इंफ्लामेशन और रैश की समस्या हो सकती है। हमेशा मेकअप से पहले एक अच्छे एसपीएफ फेस पाउडर का इस्तेमाल करें।

## पिंक आउटफिट में एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे दिखीं गजब की बला, फोटो ने बढ़ाई इंटरनेट पर गर्मी

टीवी सीरियल पवित्र रिश्ता से लोगों के दिलों में पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे अपनी खूबसूरती और अदाकारी

से फैंस को घायल किए रहती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी धमाल मचाती हैं। वहीं, उनकी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस को बेताब किए हुए हैं। एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे इन दिनों सोशल मीडिया पर अपने लुक्स को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। पिंक कलर के स्टाइलिश आउटफिट में एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे बेहद ही गॉर्जियस लग रही हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस अपने दिलों को थामे नजर आ रही हैं। हेयर स्टाइल के साथ ही मिनिमल मेकअप में एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे की तस्वीरें देख कर हर कोई उनकी अदा पर फिदा हो रहा है। ग्लॉसी मेकअप के साथ ही ईयरिंग्स पहने हुए एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे गजब की बला लग रही हैं। अंकिता लोखंडे की आंखों में लगा गहरा काजल देख फैंस उनकी आंखों में डूबने को मजबूर हैं। अंकिता की खूबसूरती देखकर कोई भी उनका कायल हो जाए। वहीं, उनके स्टाइल को चार चांद लगा रहा है। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी तस्वीरों पर बेशुमार कमेंट्स कर रहे हैं। जो उनकी फोटोज पर हॉर्ट और फायर इमोजी पोस्ट कर रहे हैं। एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे अपने निजी और प्रोफेशनल पलों को फैंस के साथ साझा करना बिल्कुल नहीं भूलती हैं। अंकिता लोखंडे के इंस्टाग्राम पर 4 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं।

## मलाइका अरोड़ा का नया गाना तेरा की ख्याल रिलीज, गुरु रंधावा संग आईं नजर

मलाइका अरोड़ा पिछले लंबे वक्त से फिल्मों से दूर हैं, लेकिन वह म्यूजिक वीडियो के जरिए प्रशंसकों को बीच चर्चा में रहती हैं। अब मलाइका का नया गाना तेरा की ख्याल रिलीज हो गया है, जिसमें वह गुरु रंधावा संग नजर आ रही हैं। रंधावा ने इस गाने को अपनी आवाज दी है और रॉयल मान के साथ मिलकर इसके लिरिक्स लिखे हैं। गाने का म्यूजिक संजय ने तैयार किया है, जबकि इसका निर्देशन बोस्को लेस्ली मार्टिस ने किया है।

तेरा की ख्याल में मलाइका और रंधावा को जोड़ी दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है।

मलाइका अपने सिजलिंग लुक और डांस मूव्स से सभी का ध्यान खींचती हैं, पंजाबी गायक अपनी सुरीली आवाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। वीडियो में मलाइका अरोड़ा और गुरु रंधावा को एक–दूसरे के साथ रोमांस करते और साथ में बेहद आकर्षक नजर आ रहे हैं. वीडियो ने फैन्स के बीच काफी एक्साइटमेंट क्रिएट कर दी है.

गौरतलब है कि मलाइका अभिनय से कहीं ज्यादा अपने डांस स्टाइल को लेकर जानी जाती हैं। उन्होंने छैय्या छैय्या, गुड़ नाल इश्क मिठा, माही वे, मुन्नी बदनाम हुई, पांडे जी सीटी जैसे गानों में जबरदस्त डांस किया है। इसके अलावा आजकल मलाइका मूविंग इन विद मलाइका को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें उन्होंने अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी से जुड़े कई राज खोले हैं।

## तेलुगू फिल्म छत्रपति के हिंदी रीमेक का टीजर जारी

राजामौली की 2005 की तेलुगू ब्लॉकबस्टर छत्रपत्ति की आधिकारिक हिंदी रीमेक, जो तेलुगू अदाकार श्रीनिवास बेलमकोंडा की पहली बॉलीवुड शुरूआत भी है, 12 मई को अखिल भारतीय

रिलीज के लिए तैयार है. छत्रपति का एक्शन से भरपूर टीजर, जिसे जारी किया गया था, बेलमकोंडा द्वारा प्रमुख चरित्र का परिचय दिया गया.

बेलमकोंडा ने कहा, मैं छत्रपत्ति जैसी विशेष फिल्म के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करने को लेकर खुश हूं, जो एक रोमांचक और सुन्दर सामूहिक एक्शन फिल्म है. इस फिल्म पर काम करने का हर पल उतना ही रोमांचक था जितना कि यह चुनौतीपूर्ण था और आखिरकार हम खुश हैं इसे हिंदुस्तान भर के दर्शकों के सामने पेश करें.

यह फिल्म एसएस राजामौली की तेलुगू ब्लॉकबस्टर श्छत्रपत्ति की आधिकारिक हिंदी रीमेक है और इसे उनके पिता और अनुभवी लेखक वी। विजयेंद्र प्रसाद ने लिखा है, जिन्हें श्आरआरआरश्च, श्बाहुबलीश्च सीरीज और श्आरआरआरश्च जैसी फिल्मों में उनके गौरतलब काम के लिए जाना जाता है.

पेन स्टूडियोज के जयंतीलाल गाडा द्वारा निर्मित और विनायक द्वारा निर्देशित बड़े–टिकट, बड़े–कैनवस एक्शन एंटरटेनर का निर्माण किया जा रहा है.

एस।एस। राजामौली की श्छत्रपत्तिश्च अखिल भारतीय दर्शकों के लिए फिर से कल्पना करने के लिए एक आदर्श परियोजना थी. बहुत प्रतिभाशाली श्रीनिवास बेलमकोंडा को पूरी तरह से नए बाजार में पेश करने के अलावा, फिल्म में मुख्यधारा के मनोरंजन के सभी आवश्यक घटक भी हैं.

श्छत्रपत्तिश्च एक ऐसे आदमी की कहानी बतलाता है, जो बड़े पैमाने पर उत्पीडन के अधीन प्रवासियों के रक्षक बनने के लिए उत्पीडन के विरूद्ध उठता है.

## अपना पहला टैटू गुदवाने से पहले जान लें इनसे जुड़े ये 5 भ्रम और उनकी हकीकत

पहली बार टैटू गुदवाना रोमांचक के साथ–साथ डरावना भी हो सकता है और डर का कारण इससे जुड़े भ्रम होते हैं, जिन्हें लोग सच मानते हैं। तरह–तरह की डिजाइन वाले टैटू देखने में तो काफी अच्छे लगते हैं, लेकिन इन्हें बनवाने से पहले इनसे जुडे भ्रम और उनके पीछे की हकीकत जान लेना अच्छा रहेगा। आइए आज हम आपको टैटू से जुड़े 5 सामान्य भ्रम और उनकी सच्चाई के बारे में बताते हैं। भ्रम– टैटू प्रक्रिया के दौरान बहुत खून बहता है: टैटू गुदवाने से जुड़ा यह सबसे आम भ्रम यही है कि इसकी प्रक्रिया के दौरान बहुत खून बहता है। सच यह है कि टैटू गुदवाते समय थोड़ा खून निकलने की संभावना रहती है, लेकिन वह भी कुछ ही मिनटों में रूक जाता है। वहीं टैटू गुदवाने के दौरान कुछ लोगों का तो एक बूंद भी खून नहीं निकलता है। ऐसे में चिंता की कोई बात नहीं है। भ्रम– टैटू स्थायी होते हैं और हमेशा के लिए रहते हैं: यह भ्रम तो काफी सालों से कायम है कि टैटू स्थायी होते हैं और हमेशा के लिए रहते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। सच्चाई यह है कि विभिन्न क्रीम और लेजर उपकरणों के माध्यम से टैटू हटाना संभव है। ये उपकरण या तो आपके टैटू को पूरी तरह से गायब कर सकते हैं या इनके रंग को हल्का कर सकते हैं। त्वचा से टैटू हटाने के लिए इन 5 घरेलू नुस्खों को अजमाएं।

भ्रम– टैटू गुदवाने से एड्स या कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती हैं: एक भ्रम यह भी है कि इसे गुदवाने से एड्स या कैंसर जैसी घातक बीमारियां हो सकती हैं, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। अगर आप किसी ऐसी जगह से टैटू गुदवाते हैं, जहां पर स्टरलाइजेशन से लेकर हाइजीन तक का ख्याल रखा जाता है और हर बार फ्रेश सुई का इस्तेमाल किया जाता है तो आपको इस बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। बस यह ध्यान रखें कि हमेशा किसी अनुभवी आर्टिस्ट से ही टैटू गुदवाएं।

भ्रम– टैटू गुदवाने के बाद सरकारी नौकरी नहीं मिलती है

आपने कई लोगों को यह कहते हुए सुना होगा कि टैटू गुदवाने के बाद सरकारी नौकरी नहीं मिलती है, लेकिन ऐसा नहीं है। अब टैटू गुदवाना आपके पेशेवर क्षमता को तय करने वाला पैरामीटर नहीं है। टैटू निजी जीवन का एक हिस्सा है, जिसका पेशेवर सेटअप से कोई लेना–देना नहीं है। यहां तक कि सरकारी संगठन (भारतीय सेना और वायु सेना आदि) छोटे टैटू गुदवाने की अनुमति देते हैं। भ्रम– टैटू गुदवाने के बाद व्यक्ति रक्तदान नहीं कर सकता : अगर आपका मानना भी यही है कि टैटू गुदवाने के बाद व्यक्ति रक्तदान नहीं कर सकता है तो बता दें कि यह सिर्फ एक भ्रम से ज्यादा और कुछ नहीं है। वास्तव में कोई व्यक्ति टैटू गुदवाने के बाद भी रक्तदान कर सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा–निर्देशों के अनुसार, टैटू गुदवाने के लगभग 6 महीने के बाद व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। हालांकि, अगर उसे किसी तरह का संक्रमण है तो वह रक्तदान नहीं कर सकता है।